वर्ष 24, अंक 186, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 14 जनवरी 2025    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## प्रयागराज के माघ मेला में लगी भीषण आग

### शिविर के बाहर लगी 20 दुकानें जलकर राख



**प्रयागराज**

**प्रयागराज** में माघ मेला में आग लग गई. सेक्शन 5 के नारायण शुक्ला धाम शिविर में आग भड़कने के बाद हड़कंप मच गया. कल्पवास कर रहे लोग भागते-दौड़ते दिखे. पुलिस और संतों ने आग पर काबू पाने के लिए बचाव कार्य शुरू किया. कई किलोमीटर दूर से आग की लपटें दिखीं. फायर ब्रिगेड की 6 से 7 गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गई. आग पर काबू पा लिया गया.

**20 दुकानें जलकर राख**

फायर ब्रिगेड की ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आशंका जताई जा रही है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट है. गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. नारायण शुक्ला धाम शिविर के सभी शिविरों में आग फैल गई थी. यहां करीब 15 टेंट लगे हुए थे जिनमें करीब 50 कल्पवासी थे. लोगों के समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. कल्पवासी शिविर के बाहर लगी 20 दुकानें जलकर राख हो गईं.

**हजारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालू**

साल 2025 के महाकुंभ के बाद माघ मेला साल का सबसे बड़ा मेला बनकर उभरा है, जहां रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं. माघ मेले के संगम तट पर आस्था का नया रूप भी देखने को मिल रहा है. साधु और संतों का जमावड़ा तटों पर स्नान कर अनुष्ठानों में लीन दिख रहा है, तो वहीं कुछ ऐसे तपस्वी भी दिखने को मिल रहे हैं, जो अपनी कठोर तपस्या से भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए माघ मेले का हिस्सा बने हैं.

**15 फरवरी तक चलेगा माघ मेला**

माघ मेला 2026 की शुरूआत 3 जनवरी से हुई है और यह 15 फरवरी तक चलेगा. प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता, ट्रैफिक और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम किए हैं. ठंडी हवाओं और कोहरे के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं है. बता दें, माघ मेला आस्था और संस्कृति का प्रतीक है. यहां कल्पवास करने वाले श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में हैं. संगम घाटों पर स्नान के साथ भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन भी हो रहे हैं. श्रद्धालुओं का कहना है कि संगम स्नान से पापों का नाश होता है और मन को शांति मिलती है।

## एलओसी पर 8 आतंकी कैंप अब भी एक्टिव

### आर्मी चीफ की पाकिस्तान को चेतावनी, हरकत पर भारी तबाही पक्की

**जम्मू-कश्मीर**

**सेना** प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि भारत द्वारा 10 मई को पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकी संगठनों को निशाना बनाकर शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पश्चिमी मोर्चे और जम्मू-कश्मीर में स्थिति संवेदनशील लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में है। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव के स्पष्ट संकेत मिले हैं क्योंकि 2025 में आतंकी भर्तियों की संख्या लगभग "नगण्य" रही है। जनरल द्विवेदी ने बताया कि 2025 में 31 आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने आगे कहा कि इनमें से 65 प्रतिशत



पाकिस्तानी मूल के थे।

सेना प्रमुख ने कहा कि 10 मई से पश्चिमी मोर्चे और जम्मू-कश्मीर में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में है। 2025 में 31 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनमें से 65 प्रतिशत पाकिस्तानी मूल के थे, जिनमें पहलगाम हमले के तीन हमलावर भी शामिल हैं जिन्हें ऑपरेशन महादेव में मार गिराया गया। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या अब एकल अंकों में है।

आतंकवादी भर्ती लगभग न के बराबर है, 2025 में केवल 2 भर्तियां हुईं। जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव के स्पष्ट संकेत हैं मजबूत विकास गतिविधियां, पर्यटन का पुनरुद्धार और शांतिपूर्ण श्री अमरनाथ यात्रा, जिसमें 4 लाख से अधिक तीर्थयात्री शामिल हुए, जो पिछले पांच वर्षों के औसत से अधिक है। आतंकवाद से पर्यटन की ओर बदलाव धीरे-धीरे आकार ले रहा है।

## 15 जनवरी से वर्ल्ड कप का आगाज, भारत के ग्रुप में नहीं है पाकिस्तान

**नई दिल्ली**

क्रिकेट फैंस के लिए साल 2026 किसी सुनहरे सपने से कम नहीं है. इस साल कुल तीन वर्ल्ड कप देखने को मिलेंगे. सबसे पहले अंडर-19 वर्ल्ड कप खेला जाएगा. 2026 अंडर-19 विश्व कप का आगाज गुरुवार, 15 जनवरी से होगा. आईसीसी ने इस टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान को अलग अलग ग्रुप में रखा है. इसका मतलब है कि टूनार्मेंट के लीग स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मैच नहीं होगा.

2026 अंडर-19 वर्ल्ड कप 15 जनवरी से 6 फरवरी तक संयुक्त रूप से जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा. इस विश्व कप में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 4-4 के ग्रुप में बांटा गया है. भारतीय टीम टूनार्मेंट के लीग स्टेज में यूएसए, बांग्लादेश, और न्यूजीलैंड के साथ मैच खेलेगी. यहां जानिए भारतीय टीम के मैच कब और कहां खेले जाएंगे.

अंडर-19 विश्व कप के पहले ही दिन (15 जनवरी) भारत का मुकाबला यूएसए के साथ है।

## केजरीवाल को राहत नहीं, संजय सिंह के साथ ही चलेगा मानहानि का केस




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को बड़ा झटका लगा। गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह से अलग सुनवाई की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी। यह मामला आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री की डिग्री की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने से संबंधित है। न्यायमूर्ति एमआर मेंगडे ने आदेश सुनाते हुए कहा आवेदन खारिज किया जाता है। इससे पहले, अरविंद केजरीवाल ने अहमदाबाद स्थित सिटी सेशंस कोर्ट के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मनीष प्रद्युमन पुरोहित के 15 दिसंबर, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा 23 सितंबर, 2023 को पारित आदेश को रद्द करने की मांग वाली उनकी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया था। केजरीवाल ने मजिस्ट्रेट न्यायालय में अर्जी दाखिल कर अपील की थी कि याचिकाकर्ता का मुकदमा दूसरे आरोपी (आप नेता संजय सिंह) के मुकदमे से अलग चलाया जाए, क्योंकि दोनों घटनाओं को एक साथ जोड़कर एक ही शिकायत पर मुकदमा चलाना न्याय के हित में नहीं होगा। केजरीवाल ने सत्र न्यायालय में तर्क दिया था कि दोनों आरोपियों पर एक साथ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता ।

## बुलेट पर होकर सवार, फडणवीस ने नागपुर में किया प्रचार, कहा- मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार आज समाप्त हो रहा है। इससे पहले, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में रोड शो किया। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी, जिसके बीच मुख्यमंत्री मोटरसाइकिल पर सवार होकर रोड शो में शामिल हुए। रोड शो भारत माता चौक से शुरू होकर विविध चौक से होते हुए महल क्षेत्र में शिवाजी प्रतिमा के पास समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई में महायुति गठबंधन महापौर का चुनाव करेगा। मुख्यमंत्री के रोड शो के लिए नागपुर के बडकस चौक को भव्य ढंग से सजाया गया था। आरएसएस का मुख्यालय बडकस चौक से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। मुख्यमंत्री के रोड शो से कुछ ही समय पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत का काफिला भी इसी रास्ते से गुजरा था।

नागपुर में पूरे रोड शो मार्ग पर भव्य सजावट की गई थी।

## 10 मिनट डिलीवरी पर सरकार की 'नौ', ब्लिंकइट, जेप्टो को सख्त निर्देश




**नई दिल्ली**

**डिलीवरी** पार्टनर्स की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकइट ने अपने सभी ब्रांड प्लेटफॉर्म से "10 मिनट में डिलीवरी" का दावा हटा दिया है। इस मुद्दे पर मांडविया ने ब्लिंकइट, जेप्टो, स्विगी और जोमैटो के अधिकारियों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने कंपनियों को डिलीवरी कर्मचारियों की सुरक्षा के हित में सख्त डिलीवरी समय सीमा को समाप्त करने की सलाह दी। मंत्री ने जोर दिया कि आक्रामक समयसीमा डिलीवरी पार्टनर्स पर अनावश्यक दबाव डाल सकती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा सकती है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सभी कंपनियों ने सरकार को आश्वासन दिया कि वे अपने ब्रांड विज्ञापनों के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी डिलीवरी समय संबंधी प्रतिबद्धताओं को हटा देंगे। इस कदम का उद्देश्य ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हुए गिग वर्कर्स की भलाई और सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। यह घटनाक्रम त्वरित वाणिज्य मॉडलों और वितरण कर्मियों पर उनके प्रभाव की बढ़ती जांच के बीच आया है, जिसमें सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि तेज डिलीवरी के लिए श्रमिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है।

यह कदम दिसंबर के अंत में विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर डिलीवरी कर्मचारियों द्वारा की गई हड़तालों के कुछ हफ्तों बाद आया है, जिसमें कामकाजी परिस्थितियों, डिलीवरी के दबाव और सामाजिक सुरक्षा की कमी से संबंधित मुद्दों को उठाया गया था। सूत्रों के अनुसार, ब्लिंकइट अपने सभी ब्रांड संदेशों से "10 मिनट में डिलीवरी" का जिक्र हटा देगा। इसमें विज्ञापन, प्रचार अभियान और सोशल मीडिया संचार शामिल हैं।

इस बदलाव का मतलब यह नहीं है कि डिलीवरी में देरी होगी। इसके बजाय, सार्वजनिक संदेशों में निश्चित समय की प्रतिबद्धताओं पर जोर देने के बजाय, कंपनियां ऐसे वादों से बचने की कोशिश करेंगी।

## राज्य का नया समीकरण चुनाव के प्रमुख मुद्दे केरल की राजनीति की अनूठी विशेषताएं



**केरल**

**केरल** में विधानसभा चुनाव 2026 की सरगर्मी तेज हो चुकी है। राज्य की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 23 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, जिसके चलते मार्च-अप्रैल 2026 में मतदान होने की संभावना है। दिसंबर 2025 में संपन्न हुए स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने केरल की पारंपरिक राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया है, जिससे 2026 का मुकाबला अब 'त्रिकोणीय' होता दिख रहा है। केरल की राजनीति भारत के अन्य राज्यों से काफी अलग और दिलचस्प है। यहाँ की राजनीति दशकों से दो मुख्य गठबंधनों के बीच घूमती रही है, लेकिन हाल के वर्षों में (विशेषकर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले) एक 'तीसरे विकल्प' (बीजेपी) के उभरने से समीकरण बदल रहे हैं।

मुख्य गठबंधनः दो ध्रुवों की राजनीति

केरल में पारंपरिक रूप से दो गठबंधन सत्ता में बारी-बारी से आते रहे हैंः-

LDF (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट)ः इसका नेतृत्व CPIM (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी) करती है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन इसके प्रमुख चेहरा हैं। यह गठबंधन वामपंथी विचारधारा और कल्याणकारी योजनाओं पर जोर देता है।

UDF (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट)ः इसका नेतृत्व कांग्रेस करती है। इसमें मुस्लिम लीग (क्नटछ) और केरल कांग्रेस जैसे दल शामिल हैं। यह गठबंधन मध्यमार्गी और सभी समुदायों को साथ लेकर चलने वाली 'बिग टेंट' नीति अपनाता है।

## विजय सिन्हा के चूड़ा-दही भोज में पहुंचे तेजप्रताप यादव

### एनडीए में होंगे शामिल? दिया जवाब

**बिहार**

**राष्ट्रीय** जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के उनसे अलग रह रहे बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने मंगलवार (13 जनवरी) को बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की ओर से आयोजित चूड़ा दही भोज में शिरकत की. आरजेडी से निष्कासन के बाद अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाने वाले पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का सिन्हा ने गर्मजोशी से स्वागत किया. एनडीए में शामिल होने की योजना को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि



समय आने पर पता चल जाएगा.

जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने कुछ दिन पहले डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की थी और उन्हें 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था.

विजय सिन्हा के चूड़ा दही भोज में कौन-कौन हुए शामिल?

विजय कुमार सिन्हा की ओर से आयोजित चूड़ा दही भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा तथा मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख संतोष कुमार सुमन समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए.

NDA में शामिल होने की योजना पर क्या बोले तेज प्रताप?

हाल में हुए विधानसभा चुनाव में अपनी सीट गंवा चुके यादव से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह एनडीए में शामिल होने की योजना बना रहे हैं।

## सीएम ने की 'प्रगति पोर्टल' की समीक्षा, 'बॉटलनेक स्टेट से ब्रेकथ्रू बना राज्य'

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किये गये 'प्रगति पोर्टल' जैसे माध्यमों से परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी के चलते उत्तर प्रदेश क्रियान्वयन के मामले में 'बॉटलनेक स्टेट' से 'ब्रेकथ्रू' राज्य बन चुका है.

मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं एवं जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा और समाधान के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बनाये गये पोर्टल 'प्रो एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन' (प्रगति) के बारे में जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया, ''प्रगति पोर्टल के माध्यम से परियोजनाओं की समीक्षा की जाती है. यही वजह है कि अब उत्तर प्रदेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में बॉटलनेक (प्रगति को मंद करने वाला) नहीं रहा बल्कि वह ब्रेकथ्रू (बड़ी बाधाओं को पार करने वाला) राज्य बन गया है.''

'प्रगति' ने टीम इंडिया को बनाया अधिक प्रभावी- सीएम

आदित्यनाथ ने कहा कि 'प्रगति' जैसे मंच ने केंद्र और राज्यों के बीच संवाद को सुगम बनाकर 'टीम इंडिया' की भावना को और अधिक प्रभावी बनाया है।

## यूपी में स्वास्थ्य नवाचार का नया सवेरा

### सीएम योगी ने किया 'यूपी अकऔर स्वास्थ्य सम्मेलन' का उद्घाटन

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'ग्लोबल अक इंपैक्ट सम्मेलन 2026' के हिस्से के रूप में आयोजित 'उत्तर प्रदेश अक एवं स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन' का भव्य शुभारंभ हुआ. इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई. यह सम्मेलन देश में अपनी तरह का पहला आयोजन है, जो नीति-निमार्ताओं, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों और स्वास्थ्य क्षेत्र के हितधारकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है.

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन और स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अपरिहार्य भूमिका पर बल दिया. उन्होंने कहा कि अक न केवल कार्यकुशलता और पारदर्शिता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि यह दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने में एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है. इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद, उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे.

**डिजिटल परिवर्तन का अवलोकन**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'POCT ग्रुप' के स्टॉल का विशेष अवलोकन किया. ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ गर्ग ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कंपनी ने उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सफलतापूर्वक डिजिटलीकरण कर दिया है.




एक सशक्त 'लैबोरेटरी इंफॉर्मेशन सिस्टम' के माध्यम से अब मरीजों की लैब रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से सीधे उन तक पहुँच रही है.

**सराहना और भविष्य की राह**

मुख्यमंत्री ने POCT की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस डिजिटल एकीकरण से प्रशासनिक जवाबदेही और जनविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है. उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक आधुनिक बनाने के लिए सरकार की परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी का स्वागत किया.

यह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश सरकार अक और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से एक समावेशी और भविष्य-उन्मुख स्वास्थ्य तंत्र विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री के शब्दों में, "आप सभी के प्रयास सराहनीय हैं, जिससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता और पारदर्शिता का नया युग शुरू हुआ है।

## कैंब्रिज कालेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ




**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में मंगलवार से तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके उपरांत फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आपसी भाईचारा एवं टीम भावना का विकास होता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है।विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे क्षेत्र और प्रदेश के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि इस विद्यालय से भी भविष्य में ऐसे खिलाड़ी निकलेंगे जो अपने विद्यालय, माता-पिता और क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत सीनियर, जूनियर एवं प्राइमरी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए खो-खो, दौड़, कबड्डी, जलेबी रेस, बिस्कुट रेस, बैडमिंटन, लंबी कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय, शिक्षक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, दीपक केसरवानी, नरेश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, धर्मराज कुशवाहा, बृजेश मिश्रा, सहित शिक्षिकाएं आभा मिश्रा, प्रीति सेन, वंदना शुक्ला, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी, ऊषा सिंह, सीमा सिंह, रुचि शुक्ला, निहारिका सेन, सोमवती विश्वकर्मा, अंजू गुप्ता, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहीं।

## बेटे ने पिता को बेरहमी से पिटाई की, हालत नाजुक



**मांडा।** थाना क्षेत्र के दोहथा गांव में एक बेटे ने अपने पिता को बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना पैसे के लालच में अंजाम दी गई। यह घटना 13 जनवरी, 2026 की रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच हुई। सुबह ग्रामीणों ने घर के दरवाजे पर खून के छींटे देखे। दरवाजा खोलने पर उन्होंने उसके अधेड़ पिता को जमीन पर पड़ा पाया, जिसके बाद उन्होंने मांडा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही, एसआई अमीर खान उस्मानी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल पिता सूर्यलाल उर्फ भुवर आदिवासी (45 वर्ष) को तुरंत मांडा सीएचसी में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें शहर के अस्पताल रेफर कर दिया। एसआई उस्मानी ने बताया कि आरोपी बेटे सोनू आदिवासी को पकड़कर मांडा थाने में बैठाया गया है। एसआई उस्मानी के अनुसार, सोनू आदिवासी ने पैसे के लालच में अपने पिता को पीटा। सूर्यलाल की पत्नी सरोज देवी की तीन साल पहले दोहथा मुख्य मार्ग पर बाइक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। क्लेम के पैसे को लेकर सोनू अक्सर अपने पिता से मारपीट करता रहता था। घायल पिता की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### मांडा ब्लॉक सभागार में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति पर बैठक, स्वच्छ पानी के उपयोग, संरक्षण और बीमारियों से बचाव पर चर्चा





**मांडा।** विकास खंड सभागार में मंगलवार को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के महत्वपूर्ण घटकों पर एक बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और प्रत्येक ग्राम पंचायत से स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। पंचायती राज विभाग के सहायक अभियंता रोहित कुमार के नेतृत्व में कौशांबी, प्रयागराज मंडल के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर ट्रेनर रविंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पानी का कम से कम उपयोग करें और घरेलू कार्यों के लिए बाल्टी जैसे बर्तनों में पानी लेकर इस्तेमाल करें, जिससे पानी की बचत होती है। रविंद्र सिंह ने जोर दिया कि स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गंदे पानी से पथरी होने की संभावना रहती है। बीमारियों से बचने और पानी को स्वच्छ रखने के लिए उसे उबालकर प्रयोग करने तथा जहां पानी इकट्ठा होता है, वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की सलाह दी गई। साथ ही, घरों के आसपास पेड़-पौधे लगाने का सुझाव भी दिया को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पानी का कम से कम उपयोग करें और घरेलू कार्यों के लिए बाल्टी जैसे बर्तनों में पानी लेकर इस्तेमाल करें, जिससे पानी की बचत होती है। रविंद्र सिंह ने जोर दिया कि स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गंदे पानी से पथरी होने की संभावना रहती है। बीमारियों से बचने और पानी को स्वच्छ रखने के लिए उसे उबालकर प्रयोग करने तथा जहां पानी इकट्ठा होता है, वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की सलाह दी गई। साथ ही, घरों के आसपास पेड़-पौधे लगाने का सुझाव भी दिया गया। बैठक के दौरान गिरधरपुर की समूह सखी रीना देवी ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत गिरधरपुर में अभी तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो पाया है। इस बैठक में एडीओ पंचायत मांडा अरुण कुमार यादव, बीएमएम रेनू, स्वयं सहायता समूह की सखी निशा कुशवाहा और अन्य ब्लॉक कर्मी भी मौजूद रहे।

### अरैल घाट सेक्टरझ्र7 में मंगलवार को भी सफाई अभियान जोरों पर



**प्रयागराज।** माघ स्नान के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माघ मेला क्षेत्र अंतर्गत अरैल घाट सेक्टर 7 में मंगलवार को भी व्यापक सफाई अभियान जोर-शोर से चलाया गया। घाट से लेकर मार्गों, स्नान क्षेत्र और आवासीय स्थलों तक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कराई गई। सेक्टर 7 में साफ-सफाई की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रतिदिन पूरे सेक्टर में नियमित रूप से सफाई के साथ-साथ सेनेटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की संक्रामक बीमारी से बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि सफाईकर्मियों की टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए स्वच्छता बनाए रखने में जुटी रहती है। स्नान घाटों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। स्थानीय श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया।

# कार्यालय नगर पंचायत शंकरगढ़, जनपद-प्रयागराज

पत्रांकः -197 / न०पं०शं० / भवन. मानचित्र एवं प्रोजेक्शन उप.कर/2025-26 — दिनांक- 12.01.2026

**अधिसूचना**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 298 (2) के शीर्षक (ए) (बी) (सी) तथा जे०डी० एवं धारा 212-क के अधीन अधिकारों का प्रयोग करके अपनी सीमा के बाहर 5 किलोमीटर की परिधि में भवन निर्माण उपविधि बनाई जानी है। जिसके लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ निकाय बोर्ड की बैठक दिनांक 10.11 2025 को प्रस्ताव संख्या के द्वारा सर्वसम्मति से उपविधि बनाये जानें के निर्णय के कम में प्रकाशन के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय तिथि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**उपविधि**

**1-उपविधि का नाम-** यह उपविधि भवन एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2026 नगर पंचायत शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज के नाम से जानी जायेगी।

**2-परिभाषायें-** इस नियमावली में-

(क) 'नगर पंचायत' से तात्पर्य नगर पंचायत शंकरगढ़, जनपद प्रयागराज से है।

(ख) 'अधिनियम' से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ग) 'अधिशासी अधिकारी' से तात्पर्य नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज के अधिशासी अधिकारी से है।

(घ) 'अध्यक्ष / प्रशासक/बोर्ड' का तात्पर्य नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज के अध्यक्ष / प्रशासक / बोर्ड से है।

(ङ) 'भवन निर्माण' से तात्पर्य नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज की सीमा के अन्दर होनें वाले किसी भी भवन के नये निर्माण, पुनर्निर्माण वर्तमान भवन में परिवर्तन आदि से है तथा नगर पंचायत की सीमा तक लागू रहेगी।

(च) 'प्रोजेक्शन' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर सार्वजनिक एवं सरकारी सड़क या नाली के उपर छज्जा या चबूतरा आदि के निर्माण से है।

**3-(1)** नगर पंचायत या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत कार्यपालक अधिकारी नगर पंचायत क्षेत्र या उसके भाग में नियमावली में विहित रीति के अनुसार क्षेत्रफल समय-समय पर किराया दर और कर निर्धारण सूची तैयार करवायेंगे। (संशोधित धारा 141)

**(क)** नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के किसी भवन या उसके किसी भी स्थान में निर्माण, पुनर्निर्माण या उसमें सारवान परिवर्तन अथवा बडा करनें के अभिप्राय से अथवा छज्जा या चबूतरा बनानें के अभिप्राय से व कार्य प्रारम्भ करनें से पूर्व आवेदक को धारा 178 (1) के अन्तर्गत नगर पंचायत को सूचित करना होगा-

1- प्रार्थी को स्वीकृति चाहनें हेतु एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2-इस प्रार्थना-पत्र के साथ प्रार्थी को दो मानचित्र प्रस्तुत करनें होगें। इन मानचित्रों में प्रस्तावित मकान का पूर्ण विवरण दिया जायेगा तथा यह भी दशार्या जायेगा कि भवन बनानें से पूर्व भूमि की क्या दशा और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

3-प्रार्थी उस मानचित्र के साथ एक प्रमाण-पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहाँ निर्माण कार्य करना चाहता है उसकी अपनी है, उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

4-प्रार्थना-पत्र में निर्माण का विवरण देते हुए वह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरबदल या उपरी भाग का पूर्ण नव निर्माण करना चाहता है।

5-जिस आर्किटेक्ट से नक्शा बनवायेगा, उसी से उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

6-नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होगें और दूसरा प्रति नक्शा जो नगर पंचायत शंकरगढ़ में रखा जायेगा, वह क्लाथ पेपर पर होगा। अन्य दस्तावेज जैसा पालिका अपेक्षा करे, जमा किया जायेगा।

**(ख)** धारा 3(1) के अन्तर्गत दिये गये नोटिस के साथ नगर पंचायत शंकरगढ़ के अवशेष करों एवं निश्चित किया गया शुल्क की रसीद लगाना अनिवार्य है इसके बिना नोटिस अथवा आवेदन वैध नहीं होगा।

**(ग)** भवन के लिए मानचित्र स्वीकृति न जारी किये जानें की दशा में अदा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

**(घ)** नगर पंचायत शंकरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या किसी भवन में या उसके किसी भाग में परिवर्तन या बढ़ानें या प्रोजेक्शन के नोटिस आवेदन के साथ मानचित्र या सूचनायें दो प्रतियों में दी जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सार्वजनिक सड़को तथा गलियों के सहनिकट दरवाजा या खिड़की खोलनें के लिये मानचित्र की आवश्यकता नही है।

**(ड़)** प्रार्थना-पत्र के साथ प्रस्तावित स्थान का मानचित्र एक मीटर बराबर, एक सेंटीमीटर के पैमानें से कम नहीं खींचा जायेगा और उसमें निम्नलिखित दशार्या जायेगा।

1- स्थल की सीमायें और उनकी माप सीमावर्ती भूमिं जो उसके स्वामी की है।

2- भवन के सहनिकट की गलियों की चौड़ाई, मोहल्लों के नाम, भवन की सीमायें प्रदर्शित होंगी।

3- हर मंजिल का नक्शा शहर के सहनिकट खुलनें वालें दरवाजे तथा खिड़कियो आदि की स्थिति।

4- नक्शों में नवीन निर्माण जिसके लिये प्रार्थना-पत्र दिया गया है लाल रंग से तथा पुरानें भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

5- भवन के पास सरकारी बिजली की लाईन की क्षैतिज दूरी सपष्ट रूप से मानचित्र पर अंकित की जायेगी।

**(च)** निर्माण की स्वीकृति धारा 180 के अन्तर्गत की जायेगी। प्रत्येक स्वीकृति 1 वर्ष तक वैध होगी। किन्तु प्रार्थी द्वारा समय बढानें के प्रार्थना पत्र पर मूल स्वीकृति से 2 वर्ष तक बढाया जा सकता है जिसका शुल्क रू0 2000.00 प्रति मनचित्र होगा।

**(छ)** यदि निर्माण की स्वीकृति दी जानें के उपरान्त नगर पंचायत की किसी समय यह समाधान हो जाये कि किसी गलत सूचना के आधार पर अनुमति ली गयी है तो नगर पंचायत अनुमति को रद्द कर सकती है। इस प्रकार की अनुमति के अन्तर्गत किया गया कोई कार्य बिना अनुमति के माना जायेगा।

**(ज)** अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी तथा उनके द्वारा अधिकृत सदस्य अथवा कर्मचारी किसी भी समय स्वीकृति चाहनें वालें कार्यों का निरीक्षण कर सकता है।

**(झ)** भवन निर्माण हेतु दी गयी स्वीकृति का प्रभाव धारा 184 के अनुसार होगी।

**(ञ)** चलचित्र भवन बनानें की अनुमति जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दी गयी अनुमति के पश्चात प्रदान किया जायेगा।

**(ट)** भवन निर्माण हेतु नक्शे में प्रोजेक्शन एवं चबूतरे का विवरण स्पष्ट अंकित किया जायेगा। प्रोजेक्शन की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों के साथ दी जायेगी।

1- भवन के उपरी मंजिल से बालकनी, बारामदा, छज्जा या अन्य प्रक्षेप ऐसे सड़क के उपर नहीं बनाया जायेगा जिसकी चौडाई 12 फिट से कम हो।

2- किसी भी प्रक्षेप की चौड़ाई 3 फिट से अधिक नहीं होगी, किन्तु सड़क के धरातल से प्रक्षेप की उचाई 12 फिट से कम नहीं होगी।

3- यदि प्रस्तावित प्रक्षेप से बिजली की लाईन तक पहुँच सकना सम्भव होगा तो प्रक्षेप की अनुमति नहीं दी जायेगी। जब तक बिजली की लाईन में परिवर्तन न हो जाये।

4- प्रत्येक प्रक्षेप के लिए शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा। यदि एक ही भवन में दो या अधिक मंजिलों पर प्रक्षेप बनता है तो शुल्क अलग अलग लिया जायेगा।

**(ठ)** अधिनियम की धारा 186 के अन्तर्गत निर्माण को रोकनें तथा निर्माण किये गये भवन को गिरानें का अधिकार इन उपविधियों में किसी बात के होतें हुए भी होगा।

1- इन उपविधियों की किसी बात से यह न समझा जाये कि यह सब सड़को व नालियों के ऊपर अतिक्रमण तथा प्रक्षेपो को हटानें के लिए नगर पालिका अधिनियम की धारा 211 के द्वारा नगर पंचायत को प्रदत्त किसी अधिकार को कम करती है, भले ही ऐसे अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों के लिए स्वीकृति दे दी हो।

**(ढ़)** प्रस्तुत मानचित्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा धारा 180 एवं धारा 298 शीर्षक 'क' के उपशीर्षक (ज) में निहित प्राविधानों के सम्बन्ध में एवं निर्माण की रीति अभीवियों, चिमनियों, नालियों, शौचालयों, सन्ड़ासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति, वायु के निर्वाध संचरण को सुनिश्चित करनें, आग लगनें की रोकथाम के लिए भवन के चारों ओर छोड़े जानें वाला स्थान, मंजिलों की संख्या अन्य पैसे विषय जिससे सतायन या स्वच्छता पर प्रभाव पड़ता हो, भवन के बाहर ग्रीन एरिया के अनुपालन, रेन वाटर, हार्वेस्टिंग इत्यादि के सम्बन्ध में यथोक्त विचार किया जायेगा। विशेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में ऑगन या वाटिका के लिए कुछ भूमि खाली छोड़ी जाये खाली भूमि के क्षेत्र का निर्धारण उपलब्ध भूमिं के क्षेत्रफल के अनुसार अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। तदोपरान्त मानचित्र हेतु स्वीकृति अधिशासी अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी / सेवक की रिपोर्ट पर नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

**(ण)** यदि भवन मानचित्र अस्वीकृत किया जाता है तो पालिका द्वारा कारणों को दशार्तें हुए आपत्तियों को दुरूस्त करनें की अपेक्षा की जा सकती है। तदोपरान्त पुनः आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जा सकता है।

**(त)** आर्किटेक्ट के लिए रू0 10000.00 (दस हजार रूपया) वार्षिक शुल्क लेकर लाईसेंस दिया जायेगा। लाईसेन्स की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी। लाईसेन्स जारी होनें के उपरान्त अन्य आर्किटेक्ट से बनाया हुआ भवन मानचित्र अवैध करार दिया जा सकता है-

1- यदि कोई लाईसेन्स शुदा आर्किटेक्ट नहीं है तो नक्शा किसी भी योग्यता प्राप्त आर्किटेक्ट से बनवाया जा सकता है।

2- आवेदक के मानचित्र को तैयार करानें का दायित्व नगर पंचायत शंकरगढ़ का नहीं होगा। (थ) किसी सड़क या भूमिं के उपर अपनी जगह में कोई दरवाजा खिड़की, नाली अनुमति लेकर ही बनायी जायेगी।

**(द)** भवन का निर्माण किसी भी कारण से नगर पंचायत की नाली / नाले / सड़क को आच्छादित नहीं करेगा।

1- भवन के सामनें के नाले कों यथा सम्भव लोहे का चलायमान जाल ड़ालकर आवागमन योग्य किया जा सकता है, ताकि नाले / नालियों की सफाई में कोई बाधा न उत्पन्न हो। नाले /नालियों/ सड़क के आच्छादन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिए रू0-2000.00 एवं अग्रेतर उल्लंघन की स्थिति में रू0-200.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड़ आरोपित किया जायेगा।

2- कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क से या नाली के बाहरी किनारे से 5 फुट भूमिं को छोड़कर किया जायेगा, तथा गलियों में 2 फुट भूमिं छोड़कर निर्माण किया जायेगा।

**(ध)** भवन निर्माण कार्य आरम्भ करनें पर भवन स्वामी द्वारा नगर पंचायत को यह सूचना दी जायेगी कि कार्य आरम्भ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा किये जानें का प्रमाण-पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा। यह प्रस्तावित भवन तब तक पूर्णरूपेण या अंशतया अध्यापित नहीं किया जायेगा, जब तक कि पालिका इस आशय का प्रमाण-पत्र जारी न कर दे।

**(न)** सन्दर्भित भवन का निर्माण अनुज्ञापित तकनीकी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में कराया जायेगा। निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के लिए आवेदक पूर्णरूपेण उत्तरदायी होगा।

**(प)** कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में या किनारे पालिका कि स्वीकृति के बिना नाली, फर्श का निर्माण नहीं करेगा और न ही कोई फर्श या नाली तोड़ेगा या उसमें परिवर्तन करेगा। उल्लंघन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिए 200.00 प्रतिदिन का अर्थ दण्ड़ आरोपित किया जायेगा।

**(फ)** कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या नाली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण नहीं करेगा। इसके लिए नियमानुसार कार्य आरम्भ करनें से पूर्व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। स्वीकृति प्रदान करनें के उपरान्त भी यदि पालिका को यह विस्वास करनें का कारण हो कि उक्त भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो दी गयी अनुमति निरस्त समझी जायेगी।

**(ब)** भवन निर्माणकर्ता कार्य समाप्त कर सड़क पर पड़ा मटेरियल / मलवा आदि साफ करायेगा तथा गढ्ढे आदि को भरवायेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या नाली/गली / नाला में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन के मलवें का भण्डारण नहीं करेगा। यदि पालिका को यह विस्वास करनें का कारण हो कि उक्त भवन के मलवें के सड़क/नाली/नाले में भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक. आवागमन / जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो पालिका उसे 24 घंटे में हटानें की अपेक्षा उस व्यक्ति से कर सकती है और उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड़ आरोपित कर सकती है।

**(भ)** यदि कोई निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये बिना किया जाता है तो अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वतः संज्ञान पर या आवेदक द्वारा निर्माण के पश्चात स्वीकृति प्रदान करनें हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करनें पर यदि वह निर्माण इस उपविधि के अन्तर्गत दी गयी शर्तों के अनुरूप बनाया गया है तो उसको स्वीकृति भी दी जा सकती है। ऐसी स्वीकृति के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 20 गुना अर्थदण्ड़ अधिशासी अधिकारी द्वारा अपनें विवेकानुसार किया जा सकता है।

**(म)** नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 212 (क) के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत की सीमा तक समस्त भवन, मार्ग या नाली के निर्माण इस उपविधि से नियंत्रित या विनियमित होंगे अर्थात यह उपविधि सीमा तक प्रभावी होगी।

**(य) स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शुल्क देय होगा।**

| क्रमांक | स्वीकृत योग्य मदें | दरें रूपया में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र का शुल्क | 500.00 |
| 2. | भवन निर्माण सम्बंधी स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क | क-50000.00 से 5,00,000.00 तक के लागत के भवन निर्माण हेतु लागत का 1/2 प्रतिशत। |
| | | ख- 5,00,001.00 से 10,00,000.00 तक के लागत के भवन निर्माण हेतु लागत का 01 प्रतिशत।<br>ग- 10,00,001.00 से 20,00,000.00 तक लागत के भवन निर्माण हेतु अधिकतम 15,000.00 शुल्क नगर पंचायत कार्यालय में जमा कराना होगा।<br>घ- 20,00,001.00 या इससे अधिक लागत तक के भवन निर्माण हेतु अधिकतम 20,000.00 शुल्क नगर पंचायत कार्यालय में जमा कराना होगा। |
| 7. | अवधि बढ़ाये जाने के लिए प्रार्थना-पत्र का शुल्क | 2000.00 |
| 8. | छज्जा, बालकनी, चबूतरा के लिए शुल्क | 200.00 प्रति वर्गमीटर |
| 9. | निर्माण सामग्री सार्वजनित सड़क के किनारे रखनें एवं जलकल बोरिंग सफाई के मलवे नालियों में गिराने हेतु शुल्क (प्रति 50 वर्गफुट पर) | प्रथम दो दिन निःशुल्क के अतिरिक्त प्रतिदिन 100.00 अथवा प्रति 10 दिन तक 1000.00 |
| 10. | सड़क व नालियों में भवन का जमा मलवा, बोरिंग सफाई आदि का मलवा निकाय के कर्मियों द्वारा हटाने का शुल्क | 5000.00 एकमुस्त |

**नोट-** निम्नलिखित के अनुसार-

1- प्रत्येक मंजिल का शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा।

2- दरों में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की बढोत्तरी की जायेगी जो वित्तीय वर्ष के प्रथम दिनांक से प्रभावी होगा इन शुल्क की बढोत्तरी को 5 वर्ष पश्चात लागू रखनें के लिए नगर पंचायत संशोधन / विचार कर सकती है।

3- यदि कोई दुकान, रेस्टोरेंट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनायी जा रही है तो उसकी फिस उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर, धर्मशाला या अन्य कोई पूजा गृह जिसमें किराये आदि की व्यवस्था न हो वह निःशुल्क होगा।

4- भूमिगत तल की अनुमति सामान्यतः नहीं दी जायेगी। अनुमति विशेष परिस्थिति में प्रस्तावित भवन के आस-पास के भवनों एवं सार्वजनिक सड़क अथवा नाली की स्थिति को ध्यान में रखकर उपरोक्त भवन श्रेणियों की दरों के 4 गुणा दर पर ही दी जायेगी।

**शास्ति**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज यह आदेश देती है कि-

1-जो व्यक्ति इस नियमावली के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन करने के लिये दुष्प्रेरित करेगा उसे रू0 1,000.00 (एक हजार रुपए) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा सकता है और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किये जाने की स्थिति में प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराधी का अपराध करना सिद्ध होगा, रू0 50.00 (पचास रुपए) तक हो सकेगा।

2-उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी इस नियमावली के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का प्रशमन, अपराध के लिए नियत अर्थदण्ड की अन्यून तिहाई धनराशि और अनाधिक आधी धनराशि की वसूली पर अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा किसी नामित अधिकारी द्वारा किया जा सकता है।

**(अमित कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पचायत शंकरगढ़ प्रयागराज**

**(पार्वती)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रयागराज**

# माघ मेले में स्थित शिविर में लगी आग कल्पवासियों में हड़कम्प

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** मकर संक्रांति की पूर्व संध्या माघ मेले के सेक्टर पांच काली सड़क पर स्थित एक शिविर में आग लगने से कल्पवासियों में हड़कंप मच गया सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दो टेंट पूरी तरह से जलकर खाक हो गए जिसमें रखे नगदी वह जरूरी सामान भी जल गए इस दौरान एक महिला को बचाने के चक्कर में उसके पति आंशिक रूप से झुलस गए।

सहसो के गरापुर निवासी भारत शंकर शुक्ला का माघ मेले के सेक्टर 5 काली सड़क उत्तरी पटरी पर श्री राम नाम एवं मानस प्रचार संघ श्री नामायन शुक्ला धाम का शिविर लगा है। मंगलवार की शाम 5 बजे के करीब शिविर में मौजूद कुछ लोग पूजा पाठ तो कुछ भोजन प्रसाद में लगे थे वहीं पुरुष बाहर अलाव ताप रहे थे तभी जैसे ही लाइट आई अचानक शिविर में स्टार्ट सर्किट हुआ जिससे एक टेंट में आग लग गई जब तक लोगों की नजर पड़ी तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी चारों तरफ शोर सराव मच गया आनंद-फानन में लोग जल रहे टेंट की ओर भागे एक शिविर में आराम कर रही वृद्धा संतोष शुक्ला की किसी तरह बाहर निकाला गया। जानकारी देते हुए शिविर के संचालक प्रांशु शुक्ला ने बताया कि आग में एक लाख की नकदी व सारे जरूरी समान के साथ पूजा की सामग्री जल गई।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने मिर्जापुर – प्रयागराज मुख्य सड़क पर शव रख घंटों जाम किया

### आश्वासन मिलने पर जाम हटाया गया

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** थाना क्षेत्र के बसकड़ी - हेमपुर गांव में मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

हेमपुर गांव निवासी ओम प्रकाश बिंद उर्फ हीरो पुत्र भीम प्रसाद का मंगलवार शाम को बसकड़ी - हेमपुर गांव के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान मिजार्पुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

दुर्घटना के तुरंत बाद, परिजन ओम प्रकाश को मिजार्पुर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक ओम प्रकाश के तीन छोटे बच्चे हैं। बताया गया है कि पत्नी से पूर्व में हुए विवाद के कारण उनका अलगाव हो चुका था, जिसके चलते अब तीनों बच्चे बेसहारा हो गए हैं।

ग्रामीणों ने फरार पिकअप चालक की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और फरार वाहन की तलाश जारी है। वही घटना स्थल पर मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा व चौकी प्रभारी भारतगंज सुभाष सिंह पुलिस दल बल के साथ मौके पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा मांग करने पर शीर्ष अधिकारियों को अवगत कराए ' जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार नन्द लाल मौक पर पहुंच ग्रामीणों द्वारा किए गए मांगों को सुनकर सरकार की योजना के तहत मुआवजा देने का आश्वासन दी ' इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा के समझाने बुझाने पर भीड़ समाप्त किया गया।

# छिवकी स्टेशन पर यात्रियों से 3.56 लाख जुर्माना वसूला गया



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर रेलवे की 30 सदस्यीय टीम ने दो दिन तक लगातार चेकिंग कर- के 588 यात्रियों को पकड़ा और उनसे 3.56 लाख रुपये जुमार्ना वसूला। इस अभियान में मुख्य टेकट निरीक्षक दिवाकर शुक्ला एवं मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष कुमार ने छिवकी स्टेशन के प्रवेश, निकासी द्वार के अलावा मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों में गहन चेकिंग कराई। मंडल पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस टिकट चेकिंग अभियान में बिना टिकट 167 यात्रियों से 1,47,650 रुपये एवं अनियमित यात्रा करने वाले 421 यात्रियों से 2,08,600 रुपये जुमाना वसूल किया।

# मांडा में ग्राम प्रधान पर धारदार हथियार से वार

## पुरानी राजनीतिक रंजिश में हुआ हमला, हालत गंभीर



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ऊंटी गांव में सोमवार दोपहर वर्तमान ग्राम प्रधान कैलाश नाथ सिंह पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया। राजनीतिक रंजिश के चलते हुए इस हमले में प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब प्रधान पंचायत भवन में बिजली का तार जुड़वाने गए थे।

यह घटना सोमवार दोपहर लगभग 2:30 बजे हुई। प्रधान कैलाशनाथ सिंह पंचायत भवन में बिजली का तार जुड़वाने गए थे। इसी दौरान गांव के आशीष कुमार यादव पुत्र जीत बहादुर यादव, शिव बहादुर यादव , अलोपी शंकर व गोपी शंकर पुत्रगण रामधारी ने उन पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने कटवासा, टंगाड़ी, रम्मा और लाठियों से हमला किया। आशीष यादव ने कैलाशनाथ सिंह के सिर पर 'कटवासा' से वार किया, जिससे वे जमीन पर गिर गए। इसके बाद शिव बहादुर, अलोपी शंकर और गोपी शंकर ने लाठियों से प्रहार कर उनका पैर तोड़ दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। हमले में प्रधान खून से लथपथ होकर गिर पड़े, जिसके बाद हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए।हमले के दौरान मौके पर मौजूद प्रधान के भतीजे कुलदीप सिंह को भी हमलावरों ने धमकी दी। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल प्रधान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़ित प्रधान के भतीजे कुलदीप सिंह यादव ने मांडा थाने में नामजद तहरीर दी है। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस धारा 109(1), 117(2),352, 351 (3) आदि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा खेलकूद मे विजेता छात्र छात्राओं कों किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**उतराव।** हंडिया तहसील के अनर्गत प्यागीपुर गांव स्थित एस जे एस पब्लिक स्कूल मे तीन दिवसीय खेल कूद कार्यक्रम आयोजित किया गया था खेल कूद के तीसरे दिन मंगलवार को विजेता हुऐ छात्र छात्राओं कों पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया है। बताया जाता है की पिछले साल की भाति इस साल भी एस जे एस पब्लिक स्कूल मे खेल कूद कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप समाजसेवी व पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार रहें। मुख्यअतिथि व आये हुऐ सभी अतिथियों का एस जे एस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सर्वजीत सिंह व प्रधानाचार्य सी बी सिंह द्वारा श्री रामचरितमानस पुस्तक भेट कर व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत सत्कार किया। तीन दिवसीय खेल क्रिकेट, कबाड्डी, खो, खो, जबलिंग थ्रो, चेस मे विजेता हुऐ छात्र छात्राओं व विद्यालय परिवार कों पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा क्रिकेट सेट बैट बाल विकेट, बैट मिंटल , बलिबाल, फुटबाल, स्क्रीपिंग रोप, सेटल बाल, देकर छात्र छात्राओं कों शाबासी देते हुऐ उज्जवल भविष्य की कामना की। वही कबाड्डी प्रतियोगिता खेल मे ब्लू विजेता और उपविजेता यलो टीम रही। क्रिकेट मे ब्लू विजेता और उपविजेता यलो टीम रही। विजेता और उपविजेता टीम कों मेडल व प्रसाशपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. प्रदीप कुमार पटेल नवजात शिशु एव बालरोग विशेषज्ञ, प्रबंधक बाबू बसंत लाल महाविद्यालय व समाजसेवी कमल सिंह पटेल, युवा समाजसेवी अजित पटेल, कंचन सिंह पटेल, अभिषेक कुमार पुष्कर, आचार्य रजनीश तिवारी, रितेश पुष्कर, समाजसेवी भूपेंद्रपति मिश्रा, प्रदेश महासचिव अपना दल एस दुर्गाप्रसाद पटेल, पंकज सिंह पटेल प्रबंधक हरीश पब्लिक स्कूल एव हरीश कोल्ड स्टोरेज मोतिहा,जयसिंह यादव, देविशंकर पंडा आदि लोग उपस्थित रहें। एस जे एस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सर्वजीत सिंह, प्रधानाचार्य सी बी सिंह आये हुऐ सभी अतिथियों कों जलपान कराकर आभार जताया।कार्यक्रम का सॉंचलन रोशन कुमार ने किया।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, ड्यूटी पर निकली थी आस्था

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मम्मफोर्डगंज स्थित त्रिपाठी चौराहे के पास तेज रफ्तार आर्मी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतका की पहचान करेली थाना क्षेत्र के सादियाबाद निवासी 20 वर्षीय आस्था कुमारी के रूप में हुई है, जो रोज की तरह मंगलवार सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए स्कूटी से निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही आस्था त्रिपाठी चौराहे के पास पहुंचीं, उसी दौरान आर्मी ट्रक ने नियंत्रण खोते हुए उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी आस्था सड़क पर दूर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कर्नलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद आस्था को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। आस्था की असमय मौत से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर मां, बेटी को मार पीट कर घायल किया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पड़ोसी रंजिश रखते है ।उसी रंजिश को ले कर लकड़ी रखने के विवाद में मां, बेटी को मार पीट कर घायल कर दिए। तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह के मजरा लखनपुर निवासनीय खुशी निर्मल पुत्री अशर्फी लाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी उससे ईर्ष्या रखते हैं। तथा बात बात पर झगडा करते हैं।खुशी का आरोप है कि लकडी रखने को लेकर पड़ोसी एक राय होकर उसे गिरा कर मारने पीटने लगे जब उसकी मां सुनीता देवी बीच बचाव में आयी तो उसे भी मारा पीटा गया। ग्रामीणों के आने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमती देते हुए भाग गए।खुशी निर्मल ने मऊआइमा थाना में मनोज कुमार,रेखा देवी,रजही देवी,रागनी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# मोबाइल छिनैती गिरोह का भंडाफोड़: 28 लूटे मोबाइल और दो बाइक के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** धूमनगंज थाना पुलिस ने जनपदीय एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल छिनैती करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28 लूटे गए मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार, थाना धूमनगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 15/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए सोमवार को नेहरू पार्क खंडहर के पास से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुहैल उर्फ जिगर (24 वर्ष), साहिल हासमी (23 वर्ष) और अनीश (19 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों प्रयागराज के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।पूछताछ और बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2), 338, 336(3) और 340(2) की बढ़ोतरी की है। पुलिस का कहना है कि गिरोह शहर के अलग-अलग इलाकों में राह चलते लोगों से मोबाइल छीनकर फरार हो जाता था।

**28 मोबाइल और दो बाइक बरामद**

पुलिस ने आरोपियों के पास से वीवो, रेडमी, सैमसंग, ओपो, रियलमी, मोटोरोला, वनप्लस समेत विभिन्न कंपनियों के कुल 28 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं, जिनमें से एक कूटरचित नंबर प्लेट और दूसरी बिना नंबर प्लेट की पाई गई।

गिरफ्तार अभियुक्त साहिल हासमी पर प्रयागराज के विभिन्न थानों में लूट, चोरी और माल बरामदगी से जुड़े आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं, सुहैल उर्फ जिगर पर भी पूर्व में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अनीश के खिलाफ यह पहला दर्ज मामला बताया जा रहा है।

**पुलिस टीम की अहम भूमिका**

इस सफलता में धूमनगंज थाना पुलिस, जनपदीय एसओजी और सर्विलांस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है और बरामद मोबाइल फोन के असली मालिकों की पहचान कर उन्हें लौटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शहर में छिनैती और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गंगा कल्पवास आश्रम की श्रीराम कथा में भगवान का राज्याभिषेक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगा कल्पवास आश्रम, गंगोली शिवाला मार्ग पुल नंबर 4 तुलसी चौराहा पर स्थित गंगा कल्पवास आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद पांडेय के पुत्र तीर्थ पुरोहित चंद्र नारायण पांडेय गुड्डु शास्त्री महाराज के शिविर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। मंगलवार को समापन दिवस पर कथावाचक आचार्य राघवेंद्र महाराज श्रीधाम वृंदावन ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं? उनके चरित्र चित्रण व जीवनी का वर्णन किया और भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्श व गुणों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। महाराज ने कथा के विविध प्रसंगों का वर्णन करते हुए रामराज्य के बारे में बताया तथा राम के उपदेशों को आत्मसात करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अंतिम दिन की कथा में सीता हरण, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया महाराज ने कहा कि रामकथा हमें जीवन जीने के तरीका सिखाती है। चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे और पुष्प वर्षा करते हुए दीपोत्सव मनाया। महाराज ने कहा कि रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है ऐसा सिखाती है। आधुनिकता से दूर रहते हुए संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया जा सकता है हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें यह राम कार्य है। बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता अंततः अच्छाई और सत्य की विजय होती है अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर तमाम कल्पवासी मौजूद रहे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया मांडा में एक युवक पर मुकदमा दर्ज

**मांडा।** एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 जनवरी की रात उनकी नाबालिग बेटी बिना किसी को कुछ बताए घर से गायब हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि दीपक सिंह उर्फ टीपू पुत्र दान बहादुर सिंह उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक सिंह उर्फ टीपू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू है।

# नैनी स्टेशन रोड पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग

**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने यातायात पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात करके मांग की है कि नैनी स्टेशन रोड हनुमान नगर होते हुए, तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। घनश्याम जायसवाल ने कहा पिछले 3 महीने में 10 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें 2 आदमी मर गए हैं, और बाकी लोग बहुत बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। शासन प्रशासन, ट्रैफिक यातायात से मांग है कि जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। जिससे तेज वाहनों पर अंकुश लग सके, इन घटनाओं से छात्र-छात्राएं व्यापारी नागरिक में एक भय बन गया है। इतना ही नहीं रात को तेज रफ्तार डंप, ट्रक जाते हैं जो कि यह हाईवे रोड नहीं है। यहां से ट्रक का जाना आलो नहीं है। लेकिन ट्रक डंपर के आने-जाने से यहां बराबर दुर्घटना हो रही है। मांग करने वालों में नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल, मनोज मिश्रा, चुन्नी चौरसिया, गुड्डू, संजय गौतम, माधव विश्वकर्मा, मोहित सेठी, बच्चा शर्मा, मनोज मालवीय, फूलचंद केसरवानी, गुनना कनौजिया, अरुण यादव, कमल राठौर, आदि।

# पांच दिवसीय टाइगर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अन्तर्गत मांडा के पूरा लच्छन गांव में रविवार को पांच दिवसीय टाइगर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। ज्योतिर्विद राममूर्ति महाविद्यालय देवरी के निदेशक डॉ. रवि शंकर पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. पांडेय ने कहा कि खेलकूद से परस्पर भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। उन्होंने जोर दिया कि खिलाड़ी जीवन को खेल भावना से जीता है और जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर केवल एक खिलाड़ी होता है। डॉ. पांडेय ने यह भी बताया कि खेल में विजेता से अधिक उपविजेता का महत्व होता है, क्योंकि उपविजेता के बिना विजेता का महत्व स्पष्ट नहीं होता। कार्यक्रम का आयोजन पूरा लक्षन ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सदानंद द्विवेदी ने किया। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ. पांडेय का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को 21 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन मैच रविवार को पूरा पांडेय और कठारी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कठारी की टीम ने जीत दर्ज की।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश के पैर में लगी गोली, दो अन्य गिरफ्तार

### कोला का वन में आधी रात हुई मुठभेड़, बदमाशों के पास नकदी, तमंचा व बाइक बरामद



**प्रतापगढ़।** दो दर्जन से अधिक मुकदमे में वांछित चल रहे शातिर चोर के गिरोह से पुलिस की मुठभेड हो गयी। बदमाशो की फायरिंग की जबाबी कार्रवाई में एक शातिर के पैर में गोली लग गयी। जबकि दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद गोली लगने से घायल बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार फोर्स के साथ सोमवार की रात गश्त पर निकले थे। रात ग्यारह बजे रानीगंज कैथौला के समीप कोला का वन के सामने एक बाइक पर तीन संदिग्ध आते दिखाई दिये। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो तीनों बाइक से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक फिसल कर पलट गयी। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। लालगंज कोतवाल के साथ एसएसआई अरूण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने जबाबी फायरिंग किया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी। जबकि उसके दो साथी गिरफ्तार किये गये। गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान लीलापुर थाना के तिना चितरी निवासी राजकुमार वर्मा पुत्र दशाराम वर्मा के रूप में हुई। वहीं गिरफ्तार बदमाश की पहचान लालगंज के खण्डवा निवासी अनुज सरोज व देवापुर चैखड़ निवासी अजय पटेल के रूप मे हुई। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से घायल बदमाश को लेकर पुलिस लालगंज ट्रामा सेंण्टर पहुंची। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बदमाशो के पास एक बिना नंबर की बाइक व एक तमंचा तथा छः हजार एक सौ दस रुपए बरामद हुए। मुठभेड की जानकारी मिलने पर देर रात अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय व सीओ आशुतोष मिश्र भी ट्रामा सेंटर पहुंचे और घायल बदमाश से पूछताछ किया। बदमाशो के खिलाफ लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि राजकुमार के खिलाफ विभिन्न थानों में पचीस मुकदमें, अनुज पर उन्नीस और अजय पटेल पर बीस मुकदमें दर्ज हैं। उन्होने बताया कि पूछताछ के बाद गिरफ्तार दोनों बदमाशो को जेल भेजा गया है।

## निर्माणाधीन नाला ढहने से मचा हड़कंप, दबने से मजदूर घायल



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर वार्ड नंबर 3 में नाले का निर्माण कार्य उस समय हादसे में बदल गया, जब मंगलवार को दिन के समय अचानक निर्माणाधीन नाला भरभराकर ढह गया। हादसे के दौरान नाले के अंदर काम कर रहा बिहार प्रांत निवासी मजदूर अवधेश कुमार मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ में काम कर रहे मजदूरों और आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए काफी मशक्कत के बाद घायल मजदूर को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।हादसे के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा नाले के निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा था। कमजोर निर्माण और सुरक्षा इंतजामों के अभाव में यह हादसा हुआ।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते मजदूर को बाहर न निकाला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कार्य स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित विभाग को दे दी गई है। अब यह देखना होगा कि जांच कर दोषियों पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने बताया कि समय से पहले लेंटर खोलने से हूई घटना मामले की जांच कराई जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, दस हजार नकदी समेत गृहस्थी खाक

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के वीरगढ़ पूरे भगवत गांव निवासी बृजलाल शर्मा के घर में मंगलवार की सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। घटना के समय परिवार के लोग बाहर काम कर रहे थे। घर से धुंआ निकलता देख लोगों को घटना की जानकारी हुई। इस बीच आग से घर धू धू कर जलने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर उदयपुर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। पीडित के मुताबिक आगजनी में उसकी दस हजार रुपए नकदी व गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया है।

### वाणिज्य कर टीम ने वाशिंग पाउडर से लदी पिकप पकड़ी, थाने में हो रही जांच

**लालगंज।** वाणिज्य कर की विशेष टीम ने अवैध वाशिंग पाउडरों से भरी एक पिकप को पकड़कर थाने ले गयी है। प्रयागराज के वाणिज्य कर विभाग की टीम ने मंगलवार को सांगीपुर के समीप वाशिंग पाउडर से भरी एक पिकप को रोक लिया। टीम ने वाहन चालक से वाशिंग पाउडर के बिल व कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। मामला संदिग्ध देख वाणिज्य कर टीम द्वारा वाशिंग पाउडर से भरी पिकप थाने ले जाकर खड़ा करा दिया गया है। सांगीपुर एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच वाणिज्य कर की टीम द्वारा की जा रही है। जांच में वाशिंग पाउडर अवैध मिलने पर वाहन सीज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी को कुंए में धक्का देकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवलहा गांव में शनिवार की शाम बच्चों के आपसी विवाद ने हिंसक रुप ले लिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक किशोरी को कुएं में धक्का दे दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।पीड़ित कन्हैयालाल सोनी निवासी देवलहा गांव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम करीब चार बजे उनके घर के बच्चे पड़ोसी अवधेश सोनी के घर के बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद में बदल गई।आरोप है कि पड़ोसी अवधेश सोनी की पत्नी सुमन तथा उनकी चार बेटियों ने पीड़ित की बेटी रक्षा सोनी के साथ डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। इसी दौरान गाली-गलौज करते हुए अवधेश सोनी ने किशोरी को घर के पास स्थित कुएं में धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से किशोरी को कुएं से बाहर निकाला गया और ई-रिक्शा से इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को दिलीपपुर पुलिस ने अवधेश सोनी व उसकी पत्नी सुमन को नामजद करते हुए तथा चार अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

### सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख से अधिक की ठगी

**पट्टी।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर भोली-भाली जनता से ठगी करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिलाने का लालच देकर एक युवक ने तीन ग्रामीणों से करीब 2 लाख 11 हजार रुपये ठग लिए। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोप है कि उन्हें गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों ने मंगलवार को पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जमीने गांव निवासी निर्मला पत्नी बृजलाल पाल, ग्राम बिरौती निवासी रंजीता पत्नी महेन्द्र कुमार तथा ग्राम हर्जामऊ निवासी कमलेश कुमार पुत्र विजय बहादुर ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उडैयाडीह गांव निवासी एक युवक ने सफाई कर्मचारी के पद पर नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। आरोप है कि युवक ने बताया था कि नौकरी लगने पर 32 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा।पीड़ितों के अनुसार नौकरी लगवाने के नाम पर निर्मला से 76 हजार, रंजीता से 70 हजार तथा कमलेश कुमार से 65 हजार रुपये लिए गए। रुपये देने के बाद करीब तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो नौकरी मिली और न ही रकम वापस की गई। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोप है कि उनके साथ अभद्रता की गई और मारपीट पर आमादा होते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ितों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सघन वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों में मची अफरा-तफरी



**पट्टी।** मंगलवार की सुबह पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर तथा कोतवाली प्रभारी आनंदपाल सिंह के नेतृत्व में माघ मेला को देखते हुए पट्टी कस्बे के ढकवा तिराहा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से चार पहिया व दो पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक पुलिस को देखकर रास्ता बदलकर निकलते हुए नजर आए।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को सख्त हिदायत दी गई, जबकि कुछ वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक ओंकार सिंह यादव ने किया। इस दौरान मुख्य आरक्षी मुकेश त्रिपाठी, आरक्षी राजू यादव, पीआरडी जवान राजवंत बहादुर सिंह तथा महिला पीआरडी मंजू देवी मौजूद रहीं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माघ मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इस तरह के सघन चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## राष्ट्रभक्ति व निःस्वार्थ भाव से देश के युवा करें कार्य : नरेंद्र ठाकुर

### भारत के प्रति भक्ति से भारत की भव्यता निर्धारित करने का युवाओं को लेना होगा संकल्प

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** देश के युवाओं में शक्ति असीमित हैं,यदि देश के युवा राष्ट्रभक्ति व निस्वार्थ भाव से कार्य करें तो भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर आसीन होगा । इसलिए हमें देश के युवाओं के मन में राष्ट्रभक्ति व समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के पुनीत अवसर के उपलक्ष्य में नगर के तुलसी सदन में मंगलवार को आयोजित विराट युवा सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में अनुकूल वातावरण है। ऐसे में देश का युवा व सामान्य देशवासी यदि इस कार्य में लग जाएं तो भारत 2047 तक विकसित देश अवश्य बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं की भारत के प्रति भक्ति से ही भारत की भव्यता निर्धारित करने का संकल्प लेना होगा। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी संवर्ग के कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्पित शुक्ल, मुख्य अतिथि रोशन सरोज रहे।व्यवसाई संवर्ग के कार्यक्रम की अध्यक्षता रविकांत उमर वैश्य,मुख्य अतिथि सुश्री संजीवनी रही। कार्यक्रम की शुभारंभ पधारे अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रवज्जलन द्वारा हुई। इस मौके पर पुजारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार करके पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर विद्यालय के युवा विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये एवं पंच प्रण की वीडियो क्लिपिंग का प्रदर्शन किया गया।सम्मेलन में विद्यार्थी संवर्ग एवं व्यवसाई के युवाओं ने बढ़चढकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विभाग कार्यवाह हरीश,विभाग प्रचारक ओम प्रकाश,जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार,जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण उपस्थित रहे। संचालन डॉक्टर अनूप सिंह एवं अजीत ने किया। इस मौके पर एकल गीत दीपकदेव एवं चंद्रभूषण ने किया। मुख्य वक्ता द्वारा युवाओं के प्रश्न का समाधान किया गया। अंत में वन्देमातरम के सामूहिक गान द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सहप्रांत प्रचारक सुनील, प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र, जिला संघचालक चिंतामणि,सह जिला संघचालक अशोक, विभाग प्रचार प्रमुख प्रभा शंकर, सुमित, अंकित, अवनीश, विवेकानंद, कार्तिकेय, महेश गुप्ता, आशीष मिश्र, अंकुर, ध्रुव शर्मा, रमेश पटेल, ऋचा सिंह, संतोष, उमंग, नीरज अग्रहरि, शिवानी मातन हेलिया, मनोज, शिवशंकर, शीतांशु ओझा, शिवेश शुक्ल, राघवेन्द्र सिंह, रवि, उत्कर्ष, अभय, विवेक, रामचन्द्र, अर्पित, सुधांशु मिश्र, अनिल मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### खेत का पिलर उखाड़कर फेंका, जान से मारने का प्रयास

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। कंधई थाना क्षेत्र के पयागपुर गांव निवासी अर्जुन प्रसाद वर्मा के पुत्र शैलेंद्र कुमार वर्मा ने दिलीपपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व रानीगंज तहसील क्षेत्र के गोपालपुर गांव के समीप पांडे का पुरवा के पास भूमि का बैनामा कराया था।आरोप है कि सोमवार की सुबह शैलेंद्र कुमार वर्मा गेहूं की फसल देखने अपने खेत पहुंचे थे। इसी दौरान पड़ोसी गांव गोपालपुर के आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार फसल को मवेशियों व जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत में लगाए गए पिलर को आरोपितों ने उखाड़कर तोड़तें हुए फेंक दिया।इतना ही नहीं, आरोपितों ने दोबारा गांव के समीप दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए शैलेंद्र कुमार वर्मा को मौके से खदेड़ दिया।पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने गोपालपुर गांव निवासी अरशद हुसैन उर्फ बबलू, नवहे हसन उर्फ लाइक, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद इमेज, आफताब, आमिर हुसैन व नज्मे हसन उर्फ बन्ने समेत सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## छः माह से दौड़ा रहा है बिजली विभाग,नहीं जमा करवा रहा है एलटी लाइन शिफ्टिंग का पैसा

### शायद बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है विद्युत विभाग



**बेलखरनाथ धाम।** एलटी लाइन शिफ्टिंग के एस्टीमेट बनने व जांच टीम की रिपोर्ट के बाद भी विभाग द्वारा अभी तक उपभोक्ता से लाइन शिफ्टिंग का पैसा नहीं जमा करवा रहा है शायद विद्युत विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। थक हारकर उपभोक्ता ने इस मामले में ऊर्जा मंत्री से जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत चैपाई गांव निवासी सुरेंद्र कुमार तिवारी के घर की छत के ऊपर से एलटी लाइन गई है।तार को दूसरी जगह से शिफ्ट करवाने के लिए उन्होंने अगस्त माह में उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र पर प्रार्थना पत्र दिया।जिसकी जांचकर अवर अभियंता जयराज राजपूत ने लाइन शिफ्टिंग का एस्टीमेट बनाकर जिला मुख्यालय भेज दिया।इसके बाद जिला मुख्यालय से दो एसडीओ के साथ एसडीओ पट्टी तथा जेई उडैयाडीह फिर उपभोक्ता के घर आकर जांच किए और अपनी रिपोर्ट भी विभाग को दे दिया। बावजूद इसके छः माह बीत जाने के बाद भी उपभोक्ता से विभाग द्वारा रूपए नहीं जमा करवाए गए। इस मामले में उपभोक्ता के बेटे आदित्य तिवारी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर उर्जा मंत्री से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को वृद्धाश्रम में मिलेगी निःशुल्क सुविधा

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि उत्तर प्रदेश माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वयंसेवी संस्था शिवा ग्रामोद्योग के माध्यम से महुली चिलबिला प्रतापगढ़ में एक वृद्धाश्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। इस वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र, मनोरंजन तथा औषधीय उपचार जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे सुरक्षित, सम्मानजनक और सुखद जीवन व्यतीत कर सकें।शासन के निदेर्शानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, चलने-फिरने में सामर्थ हों तथा जिनके पास अपने भरण-पोषण के पर्याप्त संसाधन न हों, निर्धन या निराश्रित हों और वृद्धाश्रम में रहने के इच्छुक हों, उन्हें प्रवेश की सुविधा दी जा रही है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक स्वयं अथवा किसी परिचित के माध्यम से मोबाइल नंबर 8400007236 एवं 9670440985 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतापगढ़ से भी संपर्क किया जा सकता है।

### एक सप्ताह में उद्यान विभाग में करायें पंजीकरण

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधीन केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान संस्थान पुणे में मधुमक्खी पालन हेतु इच्छुक मौनपालकोध्कृषको को सर्टिफिकेट कोर्स प्राप्त करने हेतु भेजा जाना है। उन्होने जनपद के इच्छुक मौन पालकोध्कृषकों से अनुरोध किया है कि सी0बी0आर0टी0आई0 (केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान) पुर्णे में प्रशिक्षण सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर सम्पर्क स्थापित कर अपना नाम, पता व मोबाइल नम्बर लिखवा दें ताकि तिथि निर्धारित होने पर सूचित किया जा सके।

## पिता ने बेटे-बहू के खिलाफ पुलिस से की शिकायत

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के कहैनिया गांव निवासी लालता प्रसाद वर्मा ने मंगलवार को थाने पहुंचकर अपने बेटे व बहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित लालता प्रसाद वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव स्थित उनकी पैतृक भूमि पर उन्होंने मकान बनवाया था। कुछ वर्ष पूर्व पत्नी की मृत्यु के बाद उनके बेटे दिलीप कुमार और बहू दुर्गावती ने उन्हें घर से भगा दिया, जिसके बाद वह रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली चले गए।बताया कि कुछ समय बाद वह अपने मामा रामजस वर्मा की पैतृक भूमि पर मकान बनवाकर वहीं रहने लगे। आरोप है कि तीन दिन पूर्व जब वह अपने पैतृक गांव कहैनिया लौटे तो बेटे-बहू ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया और दरवाजे पर ताला लगा दिया। इसके बाद से वह आसपास के लोगों के यहां शरण लेकर किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं।मंगलवार को पीड़ित ने कंधई थाना पहुंचकर बेटे दिलीप कुमार और बहू दुर्गावती के खिलाफ तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई।इस संबंध में थानाध्यक्ष कंधई सत्येंद्र कुमार भदोरिया ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच चैकी प्रभारी मंगरौरा को सौंपी गई है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## केन्द्र सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर कर रही : डा. नीरज त्रिपाठी



**प्रतापगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने व कमजोर करने के विरोध में आज सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम के आह्वाहन पर रंजीतपुर चिलबिला कोट बूथ अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के नेत्तृत्व में दर्जनों जाबकार्ड धारक मनरेगा बचाओ संग्राम चैपाल में उपस्तिथ हुए।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि ‡केंद्र सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर कर रही है। यूपीए की केंद्र सरकार मनरेगा योजना में 90 प्रतिशत वित्तीय हिस्सेदारी देती थी,राज्य को 10ः देना होता था, जिसे अब घटाकर 60 प्रतिशत केन्द्र व 40ः राज्य को देना होगा स जबकि उत्तर प्रदेश पर 7 लाख 69 हजार करोड़ का कर्ज है,इससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और गरीब मजदूरों को नुकसान होगा। कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण निर्णय का कड़ा विरोध करती है।‡ सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो. वसीम व कार्यालय सचिव रियाज सुलतान ने संयुक्त रुप से कहा कि ‡मनरेगा में पहले काम तय करने का अधिकार ग्राम सभा को प्राप्त था, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार रोजगार मिलता था, लेकिन अब केंद्र सरकार स्वयं काम तय करने जा रही है। यह पंचायतों के अधिकारों पर सीधा हमला है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा के अधिकार- आधारित कानून के रूप में पूरी मजबूती से लागू किए जाने की मांग करती है।‡ चैपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी माँ चंडिका देवी धाम मंडल अध्यक्ष शुभम शुक्ल, सड़वा चंडिका न्याय पंचायत अध्यक्ष सद्दाम अहमद सावित्री देवी लालती देवी कमला लक्ष्मी सीता सीमा शकुंतला विमला गीता सरोज लीलावती किरन साधना मालती आदि उपस्तिथ रहे।

### रंजिश में दुकानदार पर लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमला, छः पर केस

**लालगंज।** दुकान लगाने की रंजिश को लेकर विपक्षी दुकानदारों ने पीड़ित को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। लालगंज कोतवाली के लकुरी वाचन का पुरवा निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र राजाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह जनवरी की शाम छः बजे वह अपने ठेले पर फास्टफूड बेंच रहा था। उसके सामने गांव के रामसजीवन गुप्ता ने भी चाट की दुकान लगायी थी। आरोप है कि रंजिश के कारण रामसजीवन, शम्भू नाथ गुप्ता पुत्रगण राम नारायण, सोनू गुप्ता पुत्र शंभू गुप्ता, विकास गुप्ता व विशाल गुप्ता पुत्रगण रामसजीवन, मोनू गुप्ता पुत्र शंभू गुप्ता ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोपियो की पिटाई से वह बेहोश हो गया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि घटना की जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## जमीन विवाद में महिला पर लाठी-डंडों से हमला

**पट्टी।** जमीन विवाद को लेकर एक महिला को लाठी-डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महरुपुर गांव की है, जहां मंगलवार की देर शाम करीब 4 बजे मार-पीट की घटना हुई।महरुपुर गांव निवासीनी प्रीतमा देवी पत्नी दिनेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर मंगलवार देर शाम पड़ोसियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।पीड़िता का कहना है कि मार-पीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसने पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेसी नेता के पिता का निधन, लोगों ने जताई शोक संवेदना



**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के शेखपुर अठगवा गांव निवासी व सूरत जिले के कांग्रेस नेता ललित नारायण शुक्ल के पिता अयोध्या प्रसाद शुक्ल का (84) के निधन पर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व प्रधान संतोष ओझा, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय पाल, कृष्ण कुमार मिश्र,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना पांडे, शिक्षक दुर्गा प्रसाद शुक्ल, चंद्रिका प्रसाद शुक्ल, महेश नारायण शुक्ल,गणेश प्रसाद शुक्ल,आचार्य पंडित प्रमोद शुक्ल,अशोक शुक्ल, सुरेंद्र शुक्ल, संजय शुक्ल,आदर्श शुक्ल शिक्षक सत्य प्रकाश मिश्र, सहित सैकड़ों लोगों ने गहरा दुख जताया।

# गरीबों की छाती पर बुलडोजर चलाकर विकास कर रही है योगी सरकार

अखंड भारत संदेश

## जनपद मुख्यालय मंझनपुर की 3 मीटर चौड़ी सड़क को 18 मी करने के बाद अभी और चौड़ीकरण के लिए तोड़े जा रहे हैं गरीबों के घर



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सड़क का चौड़ीकरण गरीबों के लिए अभिशाप बन गया है जिला पंचायत के अधीन जनपद मुख्यालय मंझनपुर की सड़क 3 मीटर चौड़ी थी जिसका लेखा-जोखा जिला पंचायत के अभिलेखों में भी दर्ज है।

जिला बनने के कुछ वर्ष बाद इस सड़क के चौड़ीकरण का अभियान शुरू हुआ सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के घर तोड़े जाने लगे और गरीबों के घर की जमीन से सड़क चौड़ी होने लगी देखते-देखते जनपद मुख्यालय मंझनपुर में गरीबों के घर को चार बार तोड़ दिया गया जिससे गरीब बर्बाद हो गए गरीबों के चार बार घर तोड़कर के तीन मीटर की सड़क को 18 मीटर चौड़ी कर दिया गया लेकिन अभी अधिकारियों को राहत नहीं मिली इस सड़क को और चौड़ीकरण करने की योजना बनाई गई और इसी योजना के तहत मंगलवार से जनपद मुख्यालय मंझनपुर के मुख्य चौराहे से जिला अधिकारी आवास रोड पर बुलडोजर लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिकारियों इंजिनियर के साथ-साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंजिनियर को लेकर गरीबों के घर तोड़ने पहुंच गई है गरीबों के घर तोड़ने के वक्त बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के जवान और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे तमाम अधिकारियों की मौजूदगी में नियम कायदे की धज्जियां उड़ाते हुए दिनदहाड़े गरीबों के घर पर बुलडोजर चला कर उनके घर को ध्वस्त किया जा रहा है बुलडोजर चलता देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई लोगों ने विरोध भी किया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था सब कुछ तानाशाही से जनपद मुख्यालय में हो रहा था जनपद मुख्यालय की जनता अनाथ हो गई है। योगी सरकार से भारी बजट मिलने के बाद उसको खर्च करने के लिए नगर पालिका को नाली का निर्माण कराना है जबकि नाली का निर्माण पूर्व से कराया जा चुका है और पानी निकासी की कोई समस्या नहीं है जनता ने नाली निर्माण की मांग भी नहीं की है लेकिन नाली निर्माण के बजट से कमीशन की रकम वसूल करना है।

नाली निर्माण में गरीबों का घर व्यवधान डाल रहा है जिससे गरीबों के घर को ध्वस्त करवा कर नाली निर्माण कराए जाने की योजना अधिकारियों ने बनाई जिससे कमीशन की रकम से उनकी तिजोरी भर जाए अब सवाल उठता है कि गरीबों की छाती पर बुलडोजर चला कर आखिर कब तक जनपद मुख्यालय मंझनपुर का विकास योगी सरकार और उनके अधिकारी करते रहेंगे जिला पंचायत की 3 मीटर चौड़ी सड़क को गरीबों के घर तोड़कर 18 मी करने के बाद आखिर अधिकारियों ने राहत की सांस क्यों नहीं ली जिला पंचायत से सड़क को लोक निर्माण विभाग ने अपने अधीन ले लिया है तो क्या लोक निर्माण विभाग सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के घर को भी कब्जा करना चाहता है यदि अधिक चौड़ीकरण करना था तो जनपद मुख्यालय में बाईपास बना दिया जाना चाहिए जिससे सारी समस्याओं का समाधान हो जाता लेकिन जनपद मुख्यालय में बाईपास बनाने के बजाय तानाशाही से गरीबों के घर बार-बार तोड़े जा रहे हैं जिससे गरीबों के सामने रोटी का संकट उत्पन्न हो रहा है जिले ने सरकार में डिप्टी सीएम दिया लेकिन जनता को न्याय नहीं मिला गरीबों के तोड़े जा रहे घर को रोकने के लिए नेता माननीय और जनप्रतिनिधि ने भी सड़क पर उतरकर गरीबों की मदद करने की कोशिश नहीं की है बल्कि नेता अधिकारी ठहाका लगाकर हंस रहे हैं कि अच्छा हुआ गरीब बर्बाद हो रहे हैं लेकिन जनता है समय आने पर करारा जवाब जरूर देगी आखिर कब तक जनपद मुख्यालय में गरीबों को बर्बाद करने का यह सिलसिला चलता रहेगा यह पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा है। गौर तलब है कि एक बार जिस गरीब का घर टूट जाता है उसके मरम्मत करने में उसके जीवन का 10 वर्ष बीत जाता है फिर भी उसका टूटा हुआ घर मरम्मत नहीं हो पाता है सड़क चौड़ीकरण में गरीब का पूरा जीवन बर्बाद हो रहा है 18 वर्षों पूर्व जनपद मुख्यालय मंझनपुर के तहसील रोड की चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के तमाम घर तोड़े गए थे जिनमें तमाम गरीबों के घर अभी तक मरम्मत नहीं हो सके हैं जिनके सामने 2 जून रोटी का संकट है उनके घर तोड़ने के बाद दोबारा मरम्मत करने में उन्हें तीन पीढ़ी का इतिहास याद आ जाता है लेकिन जनपद मुख्यालय में निवास करने वाले गरीबों के उत्थान के विषय में सोचने और उनके उत्थान के लिए कारगर योजना बनाने के बजाय गरीबों के घरों को बार-बार तोड़कर के सरकार और उनके नुमाइंदे क्या गरीबों को बर्बाद करने पर उतारू है जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है कि क्या जनपद मुख्यालय में गरीब होना गुनाह है जनपद मुख्यालय मंझनपुर की जनता शासन प्रशासन से सवाल कर रही है कि आखिर जनपद मुख्यालय मंझनपुर की सड़क का चौड़ीकरण कितनी बार होगा लेकिन इसका जवाब उसे कोई देने वाला दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में 15 जनवरी को जनपद न्यायालय में अवकाश

### 14 जनवरी को घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त

**कौशांबी।** जनपद न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार दिनांक 15 जनवरी, 2026 ह्लमकर संक्रान्तिह्न के उपलक्ष्य में जनपद न्यायालय में अवकाश घोषित किया है। 15 जनवरी, 2026 को जनपद न्यायालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन समस्त न्यायालय एवं कार्यालय बन्द रहेंगे एवं इसके एवज में दिनांक 23.05.2026 (चतुर्थ शनिवार) को समस्त न्यायालय एवं कार्यालय खुले रहेंगे।जनपद न्यायाधीश ने दिनांक 14 जनवरी, 2026 को ह्लमकर संक्रान्तिह्न के उपलक्ष्य में घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए उसके स्थान पर दिनांक 5 मार्च, 2026 (गुरूवार) को बैजला होली के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# पुराने खड़ंजा का ईटा उखाड़ कर निकाल लिया नए खड़ंजा निर्माण का बजट

अखंड भारत संदेश

## विभिन्न योजनाओं में गनपा गांव में धांधली की डीएम से ग्रामीणों ने की शिकायत

**कौशांबी।** कड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनपा गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों में जमकर धांधली हो रही है गांव में पूर्व समय से लगे हुए खड़ंजा को उखाड़ कर पुराने ईट को लगाकर नया खड़ंजा निर्माण दिखाकर सरकारी खजाने से लाखों का बजट निकाल लिया गया है गांव में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है एडीओ पंचायत से लेकर खंड विकास अधिकारी तक तमाशा देख रहे हैं गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी भी केवल तमाशा देखने तक सीमित है बताया जाता है कि अधिकारियों को इनका हिस्सा गुपचुप तरीके से पहुंच जाता है जिससे गांव के भ्रष्टाचार पर जांच कर कायर्वाही करने की कोशिश विभागीय अधिकारी नहीं कर रहे हैं बीते दो वर्षों के दौरान गांव के विभिन्न योजनाओं में जमकर धांधली हुई है ग्राम पंचायत के मजरा भैरोपुर निवासी गोविंद सिंह ने मामले की शिकायत डीएम से कर जांच कराने की मांग करते हुए दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कार्यवाही की मांग की है। गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार में आतंक की हद तो तब हो गई जब गोविंद ने सरकारी कार्यों में धांधली का विरोध किया तो भ्रष्टाचार तो नहीं रूका लेकिन थाना पुलिस भी ग्राम प्रधान के दबाव में आ गई और धांधली रोकने के बजाय शिकायत करने वाले गोविंद से थाना पुलिस को शांति भंग दिखाई पड़ने लगी और ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में धांधली का विरोध करने वाले गोविंद सिंह के विरुद्ध शांति भंग की कारर्वाई पुलिस ने कर दी है जिससे ग्राम प्रधान के दबाव में काम करने की पुलिस की मनसा उजागर हुई है आखिर भ्रष्टाचार मुक्त निर्माण कार्यों की बात करना कहां सरकारी कार्य में व्यवधान है और कहां इससे शांति भंग होती है लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले पर शांति भंग की कायर्वाही कर थाना पुलिस ने जो संदेश दिया है वह चर्चा का विषय है गांव के लोगों ने बताया कि सरकारी रकम से गांव में कराए गए तमाम कार्यों में बड़ी धांधली है यदि ग्राम पंचायत में बीते दो वर्षों में कराए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच हुई तो बड़ी धांधली उजागर होगी बड़े नेता का स्वजातीय होने के चलते ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार पर जांच करके कार्यवाही का साहस जांच अधिकारी नहीं कर पाते हैं जबकि बड़े नेता से इस ग्राम प्रधान का कोई खास वास्ता नहीं रहता है लेकिन बड़े नेता का धौंस दिखाकर ग्राम प्रधान भ्रष्टाचार पर उतारू है और जांच के दौरान अधिकारियों पर दबाव बनाने में प्रधान कामयाब होता दिख रहा है जिससे निष्पक्ष तरीके से गांव के भ्रष्टाचार की जांच नहीं हो पाती है गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद सरकारी योजनाओं के लाभ से गांव के लोग वंचित हो रहे हैं जो विकास योजनाओं पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं।

## खतौनी में दो धूर जमीन बैनामा कर दिया दो बिस्वा

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चौराडीह गांव में आराजी संख्या 705 ख में एक सह खातेदार का दो धूर जमीन हिस्से में बची है शेष जमीन अन्य खातेदारों के हिस्से में है लेकिन खातेदार ने साजिश रच करके जमीन का बैनामा दो बिस्वा का कर दिया है जबकि जो मकान बना है वह अन्य जमीन में बना हुआ है राजस्व अभिलेखों की खतौनी में जमीन का हिस्सा न होने के बाद भी तहसील की रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा कर दिए जाने का यह मामला बड़ा संवेदनशील है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिसके पास जमीन नहीं है वह भी जमीन का विक्रय कर रकम वसूल रहा है इतना ही नही राजस्व अभिलेखों में जमीन न होने के बाद रजिस्ट्री बैनामा कर दिए जाने से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है खरीददार जमीन में कब्जा चाहता है अधिकारियों को वह बार-बार रजिस्ट्री दिखा रहा है जबकि मौके पर बेचने वाले की जमीन नही थी इसी तरह का एक मामला चरवा थाना क्षेत्र के तत्कालीन भीटी गांव में हुआ था वर्तमान में यह भीटी गांव संदीपन घाट थाना क्षेत्र में है भीटी गांव में भी इसी तरह जमीन में हिस्सा न होने के बाद जमीन विक्रय कर दिया गया था जिस पर लाठियां चली थी कई लोग घायल हुए थे इसी तरह इन दिनों चौराडीह गांव में देखने को मिल रहा है खतौनी में जमीन नहीं है बैनामा हो रहा है बिना खतौनी में नाम दर्ज के बैनामा करने के मामले में सिंहपुर गांव के एक पूर्व प्रधान के पुत्र की भी भूमिका सवालों के घेरे में है उपनिबंधक कार्यालय में सेटिंग करने में पूर्व प्रधान के पुत्र को महारत हासिल है अनुसूचित जाति कार्यालय सहित अन्य विभागों में पूर्व प्रधान के बेटे का पूरे दिन जमावड़ा रहता है और सही गलत काम करने का ठेका लेकर लोगों को सहयोग करने में इसकी अहम भूमिका रहती है दो धूर जमीन के बजाय दो बिस्वा का बैनामा किए जाने के इस मामले में यदि जांच हुई तो जमीन विक्रय करने वाले पर मुकदमा दर्ज होगा उसकी गिरफ्तारी होगी और जेल जाएगा मामले की लोगों ने शिकायत शुरू कर दी है।

# डीएम ने की कर-करेत्तर एवं कार्यों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

## अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने एवं प्रवर्तन कार्य में लापरवाही पर उपायुक्त वाणिज्यकर को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर प्रभागीय वनाधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिला खनन अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्हांने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एवं मण्डी की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने एवं और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलवार आर.सी. वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान आर.सी. वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी तहसीलदारों को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि आर.सी. वसूली में प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने सभी तहसीलदारों से कहा कि प्रतिदिन राजस्व कार्यों की समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी उप उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लम्बित अंश निर्धारण, लम्बित निर्विवाद वरासत, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के प्रकरण आदि को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है, तो उसे तत्काल हटवाया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाय।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शालिनी प्रभाकर सहित व अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव से बीती रात फिर हुई दो भैंस की चोरी

अखंड भारत संदेश

**मुठभेड़ के दौरान भैंस चोरों की गिरफ्तारी के बाद भी नहीं रुकी भैंस चोरी की घटना, चोरी की भैंस को लेकर जाने वाले पिकअप वाहन की पुलिस को जानकारी तक नहीं लगी**




**कौशांबी।** आधी रात को पशुओं को चोरी करके बेचने वाले गिरोह के सदस्यों पर कायर्वाही के बाद भी पशुओं की चोरी का धंधा रुकता नहीं दिख रहा है पशु चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के मजबूत पकड़ के चलते पुलिस की कार्यवाही कमजोर पड़ती दिख रही है भैंस चोरी की घटनाएं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही है जिससे जिले के पशुपालक परेशान है गिरोह के सदस्य विभिन्न क्षेत्र से सैकड़ो भैंस की चोरी प्रत्येक वर्ष करके मालामाल हो रहे हैं फटीचर से दिखने वाले गिरोह के सदस्यों के घर में आधुनिक सुख सुविधाएं मौजूद है लग्जरी कार बहुमंजिले घर है सोमवार की शाम मंझनपुर कोतवाली पुलिस की भैंस चोरों से मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल भी हो गए हैं मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और यह उम्मीद लगाई जाती थी कि भैंस चोर गिरोह के पकड़े जाने के बाद अब चोरी की घटनाओं में रोक लग जाएगी लेकिन एक तरफ पुलिस मुठभेड़ में सात लोग गिरफ्तार हुए दूसरी तरफ 12 जनवरी 2026 की उसी रात को फिर चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ जोत गांव में राम प्रकाश पुत्र भुल्लन पटेल व बुद्धू सिंह पुत्र बंशीलाल की दो भैंस को चोर खोल ले गए हैं भैंस चोरी करने का वही तरीका रहा है पिकअप वाहन लेकर आधी रात को चोर पहुंचे और दोनों घर से एक-एक भैंस खोलकर पिकअप वाहन से चोर उठा ले गए हैं पूरे जिले के थाना क्षेत्र की पुलिस सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई थी डायल पुलिस भी सड़कों पर भारी फोर्स के साथ मौजूद थी लेकिन पूरे थाना पुलिस और डायल पुलिस को चकमा देते हुए भैंस चोर गिरोह के सदस्य दो भैंसों को पिकअप वाहन में लेकर के निकल गए हैं चोरी की भैंस को लेकर जाने वाले पिकअप वाहन की पुलिस को जानकारी तक नहीं लगी है जिससे सड़कों पर ड्यूटी पर लगाई गई पुलिस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि वह सुरक्षा के नाम पर कहां सोती रहती है जिससे घटनाओं को अंजाम देने वाले आराम से फरार हो जाते हैं और सड़क सुरक्षा पर लगी पुलिस को भनक नहीं लगती है बताया जाता है की करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के लोग दिन में नेता गिरी और रात में भैंस चोरी की घटना को अंजाम बीते 20 सालों से दे रहे हैं इस गिरोह के पास कई पिकअप वाहन वा मैजिक सहित कई वाहन भी है इसके पहले कई बार गिरोह के सदस्य पकड़े भी गए लेकिन लेनदेन कर थाने में समझौता होने के चलते गिरोह के सदस्यों के भैंस चोरी के धंधे पर रोक नहीं लगी है।

## थाना मंझनपुर अन्तर्गत हुई भैंस चोरी की घटना का 02 आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल व 05 अन्य साथी गिरफ्तार

**कौशांबी।** दिनांक 12.01.2026 को थाना मंझनपुर में प्राथी महेश प्रसाद यादव पुत्र स्व0 रामलखन यादव निवासी शमशाबाद थाना मंझनपुर द्वारा सूचना दी गई कि 11/12.01.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मेरी 02 भैंस चोरी कर ली गई है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मंझनपुर में मु0अ0स0 15/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ घटना का अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा सम्भावित ठिकानों पर दविश दी जा रही थी।इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भैंस चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त कोरों रोड से गुजरने वाले हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बताए गए स्थान पर चारों तरफ से घेराबंदी की गई तभी रोड पर एक मोटर साइकिल व 02 पिकअप गाड़ी आती हुई दिखाई दी जिन्हें घेरकर रोकने का प्रयास किया गया। आरोपीगणों द्वारा खुद को घिरा हुआ पाकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में 02 अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों सहित कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की दोनों भैंस, 02 तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की घटना में प्रयुक्त 02 पिकअप व 01 पल्सर बाइक बरामद हुई। घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंझनपुर भेजा गया है। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। घायल गिरफ्तार अभियुक्तों मो0 सकील पुत्र याकूब निवासी मंसूर नगर कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी वा हबीब उल्ला पुत्र सफर अली निवासी नया नगर कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए हैं इसके अलावा सुरजीत पुत्र अजय निवासी गण बारा तफरी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी वा बड़कू पुत्र फूल चंद्र पटेल निवासी गण बारा तफरी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।वा अंसार अहमद पुत्र हफीज अहमद निवासी प्रेम नगर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर वा नायाब आलम पुत्र रहमत अली निवासी बेगम पुरवा थाना बाबू पुरवा जनपद कानपुर नगर वा मो0 सादान अंसारी पुत्र अब्दुल कादिम निवासी बेगम पुरवा थाना बाबू पुरवा जनपद कानपुर नगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है उनके कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 पल्सर बाइक व चोरी की घटना में प्रयुक्त 02 पिकअप गाड़ी एवं पिकअप गाड़ी में 02 चोरी की भैंसें पुलिस ने बरामद किया है उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने दी है।

## न्यूज झरोखा

### लक्जरी बस ने कार में मारी जोरदार टक्कर, बाल बाल बचे कार सवार



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा नवीन मंडी समिति के सामने राष्ट्रीय राज मार्ग पर अनियंत्रित लक्जरी बस चालक ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार चकनाचूर हो गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक रोहिल सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह,राजसिंह पुत्र नवाब सिंह,राजेंद्र सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह,रवेंद्र सिंह निवासी ग्राम सभा केन पंडित दिव्यांशु के साथ कार वाहन से कड़ा गंगा स्नान पूजन दर्शन हेतु जा रहे थे ज्यों ही उनकी कार अझुवा कस्बे के नवीन मंडी समिति के पास पहुंची कार सवार कुछ लोग किसी काम से उतर गए उसी दरम्यान पीछे से अनियंत्रित बस चालक ने जोरदार टक्कर मार दी इस टक्कर से कार चकनाचूर हो गई ।मौके पर अफरा तफरी मच गई।सभी कार सवार सुरक्षित बच गए मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने बस चालक को कस्टडी में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। अझुवा कस्बे के हाइवे में कई दर्जन मौतें और अनगिनत हादसे हो चुके हैं न तो सिक्स लेन बनाया जा रहा है न तो पुल, फ्लाईओवर बायपास का निर्माण हो रहा हैं जिससे नगर के लोग परेशान है और आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं

### प्रेमी प्रेमिका दूसरी बार हुए फरार,तलाश में जुटे परिजन

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र की एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई इसके पहले भी एक बार और युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई थी जानकारी मिलते ही परिजन युवती की तलाश में जुट गए हैं युवती के पिता ने क्षेत्रीय पुलिस को तहरीर देकर बरामद करने की गुहार लगाई है वहीं उस क्षेत्र के निवासियों के अनुसार बीते कई माह पहले युवती उसी युवक के साथ फरार हो गई थी ,वापस आने पर दोनो पक्ष आपस में सुलह कर लिए थे आज मंगलवार भोर में प्रेमी जोड़ा पुनः फरार हो गया तहरीर लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### मारपीट के अभियुक्त 32 साल बाद एक-एक वर्ष की सजा से दंडित

**कौशांबी।** मारपीट के मामले में 32 साल पहले दर्ज मुकदमे में आरोपियों को अदालत ने एक-एक वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और अर्थ दंड से दंडित किया है पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में 27 जनवरी 1994 को मारपीट जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये गाली गलौज के मामले में जमील, वकील व मुन्ना के विरुद्ध मु0अ0सं0 26/94 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)10 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत हुआ विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित 03 अभियुक्तों जमील वा वकील पुत्रगण रशीद वा मुन्ना उर्फ रामू पुत्र मिट्ठू लाल निवासीगण लल्लूपुर थाना पूरामुफ्ती को दिनांक 13.01.2026 को न्यायालय स्पे0 जज एससी एसटी एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 01-01 वर्ष के साधारण कारावास व 2000-2000 /- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### वारण्टी अभियुक्त को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 199/05 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मिट्ठू केवट पुत्र पंचम केवट निवासी ग्राम तिवारी का पुरवा मजरा ढेरहा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में मंगलवार को आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

## मकर संक्रांति के ऐतिहासिक पर्व पर लाखों भक्त पहुंचते हैं मेला देखने पभोषा पहाड़

### पभोषा मेला स्थल व यमुना नदी स्नान घाट का अधिकारियों ने किया संयुक्त भौतिक निरीक्षण

**बैरमपुर कौशांबी** मकर संक्रांति के पर्व पर पभोषा मेला में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं आस्था के इस पर्व पर कौशांबी जिले के पभोषा के पहाड़ पर ऐतिहासिक मेला लगता है पभोषा मेले के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा तथा मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ पभोषा मेला स्थल एवं यमुना नदी स्नान घाट का संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा,यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था,पेयजल,चिकित्सा सुविधा,आपातकालीन निकासी मार्ग बैरिकेडिंग एवं गोताखोरों की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। यमुना नदी स्नान घाट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सतकर्ता बरतने, गहरे जल क्षेत्र को चिन्हित कर बैरिकेडिंग कराने तथा चेतावनी संकेतक लगाए जाने के निर्देश दिए गए।क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं मेला आयोजन समिति को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण कर लिए जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए उपजिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने एवं आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। मेला आयोजन समिति द्वारा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण उपरांत उपस्थित अधिकारियों के साथ आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ऑनलाइन संवाद

**कौशाम्बी।** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार हो तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## बकाया पैसा मांगने पर दबंगों ने मारा पीटा की शिकायत

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा के वार्ड नंबर 6 निवासी अमरचंद भारती पुत्र रामकुमार भवन निर्माण में शटरिंग लगाते हैं अमरचंद भारती ने वीरेंद्र यादव के घर के निर्माण के समय एक साल पहले शटरिंग लगाई थी वीरेंद्र यादव का मकान का निर्माण पूरा हो गया लेकिन शटरिंग का किराया 12000 बीते एक साल से वीरेंद्र यादव नहीं दे रहे हैं अमरचंद भारती शटरिंग का किराया 12000 बार-बार वीरेंद्र यादव से मांग रहे हैं मंगलवार को फिर अमरचंद भारती अपने बकाया रुपए को मांगने गए थे रुपया तो उन्हें नहीं मिला लेकिन उनके साथ जमकर मारपीट हुई है यही गुंडई है कि किसी का बकाया रकम भी ना दिया जाए उसके साथ मारपीट भी की जाए मामले की सूचना अमरचंद भारती ने चौकी पुलिस को दिया है।

# जैविक खेती बनेगी, स्वस्थ जीवन का आधार : मुख्य विकास अधिकारी




**कौशांबी।** विकास खंड नेवादा के ग्राम-गोविंदपुर में मंगलवार को जैविक खेती पर एक दिवसीय कायर्शाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष अमित सिंह, उद्यो सिंह, सुजीत दिवाकर आदि उपस्थित रहें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों और महिला कृषकों से कहा कि जैविक खेती, स्वस्थ जीवन की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने किसानों को रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती अपनाने, इससे न केवल स्वास्थ्य सुरक्षित रखने बल्कि आमदनी बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने ग्राम-गोविंदपुर को गोद लेने की घोषणा करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास का भरोसा दिलाया। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अजय, डॉ. अमित एवं डॉ. मीनाक्षी ने जैविक खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारियां विस्तार से साझा कीं। कार्यक्रम में डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त देशबंधु, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता, समन्वयक अखिलेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान जैविक किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदशनी, लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह, फार्मर रजिस्टर कैंप तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा द्वारिका जैविक कृषि सेवा संस्थान का फीता काटकर शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में द्वारिका जैविक कृषि सेवा संस्थान के डायरेक्टर उद्यो सिंह ने सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए जैविक खेती को अपनाने का संदेश दिया।

## सम्पादकीय

### मोदी के हाथ में त्रिशूल और डमरू

**गले** में भगवा गमछा, माथे पर त्रिपुंड और हाथों में भगवान शिव की तरह त्रिशूल और डमरू पकड़े हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया अवतार सामने आया है। अलग-अलग विचारधारा और कार्यशैली के प्रधानमंत्री देश ने देखे हैं, लेकिन पहली बार एक ऐसे प्रधानमंत्री को देश देख रहा है, जिनकी वक्त-वक्त पर बदलती वेशभूषा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की याद दिलाती है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी कोई भी काम अकारण नहीं करते। इस बार हिंदुत्व का जयघोष करने वाली मुद्रा उन्होंने सोमनाथ में 8 से 11 जनवरी तक आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के लिए धारण की। इस उत्सव को 'भव्य' बनाने में गुजरात की भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी क्योंकि इसके गहरे राजनैतिक निहितार्थ भी हैं।

एक हजार साल पहले1026 में सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला हुआ था। उसी याद में यह उत्सव मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत के 12 ज्योतिलिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में भी है। लोककथाओं के अनुसार यहीं श्रीकृष्ण ने देहत्याग किया था। यह ऐतिहासिक मंदिर अब भाजपा के लिए राजनैतिक महत्व का भी बन गया है।

प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के अनुसार, 'यह उत्सव विनाश को याद करते हुए नहीं बल्कि आस्था, सांस्कृतिक आत्मसम्मान और पुनर्जन्म की भावना के सम्मान के रूप में मनाया जा रहा है।' दरअसल प्राचीन सोमनाथ मंदिर में कई गांवों का चढ़ावा आता था, जिससे यहां सोने, चांदी, बड़ी संख्या में मोतियों और अनमोल रत्नों समेत बड़ी धनसंपदा सदियों से जमा थी और इस वजह से विदेशी हमलावर इसे लूटना चाहते थे। महमूद गजनी ने 1026 में जब भारत पर एक और आक्रमण किया तो उस समय गुजरात में चालुक्य वंश के राजा भीम प्रथम का शासन था, महमूद गजनी ने तभी सोमनाथ पर पहला आक्रमण किया था। इसके बाद कई और शासकों और आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए और इसकी धन संपदा को लूटा। मध्ययुग का वह दौर ऐसा ही था, जिसमें राज्य और शक्ति बढ़ाने के लिए शासक खुलेआम लूटपाट करते थे। अभी अमेरिका इसी तरह के काम कर रहा है, बस इसमें लोकतंत्र का आवरण ओढ़ लिया है और सीधे-सीधे गैर धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया जा रहा है।

खैर, सोमनाथ पर कम से कम 16 बार आक्रमण और देश के दूसरे हिंदू धर्मस्थानों पर हुए आक्रमण के बावजूद देश से न हिंदू धर्म खत्म हुआ, न हिंदुओं के अस्तित्व पर कोई खतरा आया। लेकिन मोदीराज में आस्था के पुनर्जन्म के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करके सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया।

सोमनाथ पर भाजपा पहले भी सफल दांव खेल चुकी है। दिसंबर 1989 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पहली बार अपने चुनावी घोषणापत्र में राम मंदिर (अयोध्या) निर्माण के मुद्दे को शामिल किया था। तब उसकी लोकसभा सीटें बढ़ीं, फिर 1991 में लाल कृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक अपनी रथ यात्रा शुरू की, जिसके बाद भारत में वही धार्मिक विभेद की खाई गहरी होनी शुरू हुई, जो भाजपा की सत्ता के लिए जरूरी थी। 1992 में बाबरी मस्जिद तोड़ी गई।

# महिलाएं ही खेती को बचा सकती हैं

– बाबा मायाराम

**महिलाओं** ने जैविक खेती को आगे बढ़ाया है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसायटी (डीडीएस) की महिलाओं ने न केवल पौष्टिक अनाज की खेती की है, बीज बैंक भी बनाए हैं, बल्कि गांव देहातों में सस्ती दुकान खोलकर इसे सबके लिए उपलब्ध कराया है। कर्नाटक में वनस्त्री नामक समूह ने बीजों के आदान-प्रदान का सिलसिला चलाया है। नगालैंड में नार्थ ईस्ट नेटवर्क (एनईएन) नामक संस्था ने पौष्टिक अनाजों की खेती को फिर से खड़ा किया है। हाल ही खेतों में धान कटाई हुई है। किसानों के लिए यह बहुत खुशी का मौका है। वे फसलों के भंडारण व बिक्री में लगे हुए हैं। इस समय मुझे बचपन की याद आ रही है, जब मेरी मां खेतों में काम करती थी। वह अकेली नहीं थी, जो खेत में काम करने जाती थी, बल्कि हमारे गांव की अधिकांश महिलाओं का समय खेत में बीतता था। पिताजी का तो लगभग एक महीने अस्थायी रूप से खेत में ही डेरा होता था, जब तक कटाई और बालियों में से अनाज निकालने का काम पूरा नहीं हो जाता था। मैं इस कॉलम में परंपरागत खेती को याद करना चाहूंगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होती थी। वे खेत में बीज बोने से लेकर उनके संरक्षण-संवर्धन और भंडारण तक का काम बड़े जतन से करती रही हैं। पशुपालन से लेकर विविध तरह की हरी सब्जियां लगाने और फलदार पेड़ों को रोपने से लेकर उनके जतन का काम करती हैं। जंगलों से फल-फूल, पत्ती के गुणों की पहचान करना व संग्रह करने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। वे जैव विविधता की जानकार और संरक्षक हैं। यानी वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से लेकर खाद्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण काम करती रही हैं। लेकिन आजकल आधुनिक खेती में उनकी भूमिका सिमट गई है।

अगर हम देखें तो जब से खेती में मशीनीकरण हुआ है तब से महिलाओं की भूमिका सिमटती जा रही है। जबकि पूर्व में खेती में सिर्फ हल-बक्खर चलाने को छोड़कर महिलाएं सभी काम करती थीं। बल्कि छत्तीसगढ़ में तो कुछ जगह हल भी चलाती हैं। पारंपरिक खेती में बीजों का चयन, बीजोपचार, बुआई, निंदाई-गुड़ाई और कटाई-बंधाई तक की पूरी प्रक्रिया में महिलाएं जुड़ी थीं। खेतों में फसल की रखवाली, मवेशियों की परवरिश और गोबर खाद बनाने जैसे खेती से जुड़े काम उनके जिम्मे थे। हालांकि पहाड़ और जंगल पट्टी में अब भी महिलाएं खेती के काम में संलग्न हैं।

कड़कड़ाती ठंड हो या मूसलाधार बारिश या फिर चिलचिलाती तेज धूप महिलाएं सभी परिस्थितियों में खेती का काम करती रही हैं। खेती के विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भोजन के लिए ईंधन जुटाना, खाना बनाना, ढोरों के लिए भी खेतों से घास लाना और फिर खेतों में काम करने जाना और फिर खेत से आकर घर का काम करना आदि उनकी जिम्मेदारी में शामिल है।

निंदाई-गुड़ाई के दौरान विजातीय पौधे और खरपतवार को फसल से अलग करना भी उनके काम का हिस्सा हुआ करता था। जब पौधों में फूल आ जाते हैं तब वे ऐसे विजातीय पौधों को आसानी से पहचानकर अलग कर देती थीं। निंदाई-गुड़ाई तीन-चार बार करनी पड़ती थी। खरपतवारनाशक के बढ़ते इस्तेमाल से उनकी भूमिका कम हो गई। बीजों के चयन में उनकी खास भूमिका होती थी। पहले खेतों में ही बीजों का चयन हो जाता था, इसमें देखा जाता था कि सबसे अच्छे स्वस्थ पौधे किस खेत में हैं। किस खेत के हिस्से में अच्छी बालियां हैं। वहां किसी तरह के कमजोर और रोगी पौधे नहीं होने चाहिए। अगर ऐसे पौधे फसलों के बीच होते थे तो उन्हें हटा दिया जाता था। फिर अच्छी बालियों को छांटकर उन्हें साफ कर और सुखा लिया जाता था। इसके बाद बीजों का भंडारण किया जाता था। अगली फसल के मौके पर इन्हीं बीजों को बोया जाता था। यह किसानों की जांची-परखी विधि है। इन सब कामों में महिलाएं ही मदद करती थीं।

बीज भंडारण पारंपरिक खेती का एक अभिन्न हिस्सा है। अलग-अलग परिस्थिति और संस्कृति के अनुरूप किसानों ने बीजों की सुरक्षा के कई तरीके और विधियां



विकसित की हैं। मक्का के बीज को घुन और खराब होने से बचाने के लिए चूल्हे के ऊपर छींके पर रखते हैं और सतपुड़ा अंचल में खुले में मक्के के भुट्टे को खंबे को छिलका समेत उल्टे लटकाकर रखते हैं। छिलका बरसाती का काम करता है और बारिश का पानी भी उन्हें खराब नहीं कर पाता। मिट्टी की बड़ी कोठियों में, लकड़ी के पटाव पर, मिट्टी की हंडी में व ढोलकी में बीज रखे जाते थे। इसके अलावा, तूमा (लौकी की एक प्रजाति) बांस के खोल में बीजों का भंडारण किया जाता था। इसी प्रकार बीजों को धूप में सुखा कर, कोठी या भंडारण के स्थान पर धुंआ किया जाता था, जिससे पतंगे या घुन नहीं लगता। कीड़ों से बचाव के लिए लकड़ी या गोबर से जली राख या रेत भी बीजों में मिलाते हैं। गांव में अब भी मिट्टी की कोठियां मिल सकती हैं, हालांकि इनमें कमी आई हैं।

बीज के अभाव में बीजों का आदान-प्रदान हुआ करता था। कई बार महिलाएं अपने मायके से ससुराल बीज ले आती थीं। खासतौर से सब्जियों के बीज की अदला-बदली रिश्तेदार और परिवारजनों में होना आम बात थी।

धान रोपाई का काम तो महिलाएं करती हैं। जब वे रंग-बिरंगे कपड़ों में गीत गाते हुए धान रोपाई करती हैं तो देखते ही बनता है। इनमें कई स्कूली विद्यार्थी भी होते हैं। वे स्कूल में पढ़ते भी हैं और खेतों में भी जमकर काम करते हैं। पहले दीपावली के समय लम्बी छुट्टियां होती थीं, जिन्हें फसली छुट्टियां भी कहा जाता था। यानी इन छुट्टियों में बच्चे खेतों के काम में मदद करते थे, और फसलों व अनाजों के बारे में सीखते थे। पहले हर घर में बाड़ी हुआ करती थी, जिसे जैव विविधता का केन्द्र हुआ करती थी। इसमें कई तरह की हरी सब्जियां, मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्त्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न खाद की। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। लेकिन इनमें कई कारणों से कमी आ रही है। ये सभी काम महिलाएं ही करती थीं। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में अब भी बाड़ी में सब्जियां लगाई जाती हैं।

छत्तीसगढ़ में सब्जी बाजार में महिलाएं ही सब्जी बेचती हैं। फुटपाथ पर ताजी हरी सब्जियों को लोगों को खरीदते हुए देखा जा सकता है। इन हाट-बाजारों में मशरूम, हरी सब्जियां, फल की दुकानें लगाती हैं। कई गांव, कस्बों व रायपुर शहर में भी सब्जी बाजारों में महिलाएं ही सब्जियां बेचते दिखती हैं।

जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका जंगल पर ही निर्भर है। खेत और जंगल से उन्हें काफी अमौद्रिक चीजें मिलती हैं, जो पोषण के लिए निःशुल्क और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। ये सभी चीजें उन्हें अपने परिवेश और आस-पास से मिल जाती है। जैसे बेर, जामुन, अचार, आंवला, महुआ, मकोई, सीताफल, आम, शहद और कई तरह के फल-फूल, जंगली कंद और पत्ता भाजी सहज ही उपलब्ध हो जाते हैं। यानी खेती एक तरह की जीवन पद्धति है जिसमें जैव विविधता का संरक्षण होता है। मिट्टी, पानी और पर्यावरण का संरक्षण होता है और इन सब में महिलाओं की भूमिका अहम है।

मैंने देश के कई कोनों में खेती पर, विशेष कर देसी बीजों वाली खेती पर रिपोर्टिंग की है। महिलाओं ने जैविक खेती को आगे बढ़ाया है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसायटी (डीडीएस) की महिलाओं ने न केवल पौष्टिक अनाज की खेती की है, बीज बैंक भी बनाए हैं, बल्कि गांव देहातों में सस्ती दुकान खोलकर इसे सबके लिए उपलब्ध कराया है। कर्नाटक में वनस्त्री नामक समूह ने बीजों के आदान-प्रदान का सिलसिला चलाया है। नगालैंड में नार्थ ईस्ट नेटवर्क (एनईएन) नामक संस्था ने पौष्टिक अनाजों की खेती को फिर से खड़ा किया है। इस तरह के अनेक काम देश भर में किए जा रहे हैं। इन सबमें महिलाएं ही अगुआई कर रही हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि कृषि में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। खासतौर पर जंगल और पहाड़ में खेती उन पर ही निर्भर है। नई रासायनिक और आधुनिक खेती में जो अभूतपूर्व संकट आया है उससे जंगल व परंपरागत खेती भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में मिट्टी-पानी और जैव विविधता, पर्यावरण देशी बीजों की हल-बैल की परंपरागत खेती को बचाना जरूरी है और ऐसी परंपरागत खेती को वे ही बचा सकती हैं क्योंकि उनके पास बरसों से संचित परंपरागत ज्ञान, कौशल व अनुभव है। कई छोटे- छोटे प्रयोग इस दिशा में हो रहे हैं। जलवायु बदलाव के दौर में यह और भी जरूरी हो गया है।

# विश्व में हिन्दी की बढ़ती साख: भारत में उपेक्षा क्यों?

-ललित गर्ग-

**हर वर्ष** 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक या प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हिंदी भाषा की वैश्विक यात्रा, उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा, उसके सामने उपस्थित चुनौतियों और हमारे अपने राष्ट्रीय आचरण की विडंबनाओं पर गहन चिंतन का अवसर है। यह दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति कराता है जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी बोली गई थी और भारत की सांस्कृतिक आत्मा ने विश्व मंच पर अपनी मौलिक पहचान दर्ज कराई थी। आज स्थिति यह है कि हिंदी विश्व में सम्मान, स्वीकार्यता और लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों को छू रही है, लेकिन अपने ही देश में वह अपेक्षा, उपेक्षा और संकोच के बीच झूलती दिखाई देती है। यही विरोधाभास विश्व हिंदी दिवस को और अधिक प्रासंगिक बना देता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों, हिन्दीभाषियों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व हिन्दी दिवस विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करने तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में




मान्यता दिलाने का प्रभावी उपक्रम है।

हिंदी मात्र संवाद की भाषा नहीं है, वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संवेदना और सामूहिक चेतना की वाहक है। यह लोक से उपजी, लोक में पली और लोक के लिए ही जीने वाली भाषा है। हिंदी का सबसे बड़ा गुण उसकी सहजता, सरलता और वैज्ञानिक संरचना है। यह ध्वन्यात्मक भाषा है, जिसमें जैसा लिखा जाता है वैसा ही बोला जाता है, जिससे इसे सीखना और अपनाना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही कारण है कि जिन देशों में भारतीय प्रवासी बसे हैं, वहां हिंदी ने सहज ही अपनी जड़ें जमा ली हैं। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक हिंदी आज केवल भारतीयों की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद की भाषा बनती जा रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, बॉलीवुड, भक्ति साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह दुनिया की तीसरी या चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, अंग्रेजी और मंदारिन चीनी के बाद, और भारत के साथ-साथ नेपाल, मॉरीशस, फिजी जैसे देशों में भी इसका व्यापक उपयोग है और यह विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है।

विश्व में लगभग साठ-सत्तर करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते, समझते या किसी न किसी रूप में उससे जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी की उपस्थिति निरंतर बढ़ रही है। विश्व हिंदी सम्मेलन, जिसकी शुरूआत 1975 में नागपुर में हुई थी, आज एक वैश्विक वैचारिक आंदोलन का रूप ले चुका है। इन सम्मेलनों ने यह सिद्ध किया है कि हिंदी केवल भावनाओं या साहित्य की भाषा नहीं, बल्कि विचार, विज्ञान, कूटनीति और वैश्विक संवाद की भी सक्षम भाषा है। हिंदी को वैश्विक मंच पर आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ प्रस्तुत करने का श्रेय यदि किसी भारतीय नेता को जाता है, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण केवल भाषण नहीं था, बल्कि वह एक सांस्कृतिक उद्घोषणा थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने यह सिद्ध कर दिया कि हिंदी में भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति, शांति, निरस्त्रीकरण और मानवता जैसे गहन विषयों पर प्रभावी संवाद संभव है। उनके लिए हिंदी भावुक आग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्रबोध की सशक्त अभिव्यक्ति थी। उन्होंने हिंदी को सत्ता की भाषा बनाने का प्रयास नहीं किया, बल्कि उसे संवाद और आत्मगौरव की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया।

वैश्वीकरण और उदारीकरण के दौर में हिंदी की यात्रा कुछ हद तक धीमी अवश्य हुई, विशेष रूप से शासन और उच्च प्रशासनिक स्तर पर।

# महिलाओं के बारे में अनर्गल प्रलाप कब तक !

पलाश सुरजन

**हाल ही** में एक पत्रकार को कहे गये अपशब्द को लेकर निशाने पर आये कैलाश विजयवर्गीय अपने काम से ज्यादा तो ऊटपटांग बयान देने के लिये जाने जाते हैं। एक बार बलात्कार की लगातार बढ़ती घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए कहा था, 'एक ही शब्द है मयार्दा। मयार्दा का उल्लंघन होता है, तो सीता हरण हो जाता है। लक्ष्मण रेखा हर व्यक्ति की खींची गई है, उसे कोई भी पार करेगा, तो रावण सामने बैठा है।



बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और मोतिहारी से भाजपा विधायक प्रमोद कुमार का एक बेहद आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर पिछले महीने चर्चा में रहा। इस वीडियो में वे कहते दिखाई दे रहे हैं कि 'बहुत लोगों की आदत होती है कुत्ता के साथ सोना। मोबाइल पर देखिएगा तो बहुत लेडीज जो हैं, वो अपने आप में संतुष्टि के लिए कुत्ता के साथ सोती हैं।' अपने इस कथन के समर्थन में प्रमोद कुमार ने मोबाइल पर ऐसे कई वीडियो मौजूद होने का हवाला दिया। यह वीडियो कब का था और विधायक ने यह बात किस सिलसिले में कही, यह स्पष्ट नहीं हुआ। लेकिन इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी के संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचने के बारे में पूछे गये सवाल का जवाब उन्होंने दिया हो।

इस प्रसंग की याद इसलिये आई कि हाल ही में उत्तराखंड में प्रमोद कुमार की ही पार्टी के गिरधारी लाल साहू भी विवादों में घिर गये। भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक में साहू ने एक अविवाहित कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 'लड़कियों की कोई कमी नहीं है' और 'बिहार में 20-25 हजार रुपये में शादी के लिए लड़कियां मिल जाती हैं।' अपने कार्यकर्ता को बिन मांगे दी गई इस सलाह का वीडियो वायरल होने के बाद बवाल मच गया। हालांकि साहू ने दूसरा वीडियो जारी कर इस पर सफाई दी और माफी मांगी। यह विडंबना ही है कि यह शर्मनाक बयान उस शख्स ने दिया, जिसकी पत्नी उत्तराखंड सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री है।

लेकिन प्रमोद कुमार और गिरधारी लाल जैसों को शायद ही कोई फर्क पड़ता हो क्योंकि महिलाओं पर या उनके बारे में अशोभनीय टिप्पणियां करने की भाजपा में एक परंपरा सी बन गई है। प्रधानमंत्री से लेकर पार्टी के छुटभैये नेताओं तक के मुखारविंद से ऐसे सुभाषित टपकते ही रहते हैं। नरेंद्र मोदी ने खुद जर्सी गाय कहकर सोनिया गांधी पर कटाक्ष किया था, फिर सुनंदा पुष्कर को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कह डाला और सदन की गरिमा का खयाल किये बिना संसद में कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी की हंसी की तुलना शूर्पणखा से कर दी। चुनावी सभा में ममता बनर्जी को जिस तरीके से उन्होंने 'दीदी ओ दीदी' कहकर पुकारा था, वह शालीनता की परिभाषा में तो नहीं ही आता। जाहिर है ।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक, गांव-कस्बों में पहुंची पुलिस

अखंड भारत संदेश

**भदोही। महिला** सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर जनपद में पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत मंगलवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने व्यापक जनसंपर्क किया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में महिला बीट अधिकारियों ने गांवों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों



और सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान जगह-जगह चौपाल लगाकर महिलाओं को आपात स्थिति में मदद लेने के उपाय बताए गए। अधिकारियों ने शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098 और 108 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संकट के समय इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर भी महिलाओं को सतर्क किया गया और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

## भदोही में 16 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला, निजी कंपनियां देंगी युवाओं को नौकरी का मौका

अखंड भारत संदेश

**भदोही । जनपद** के बेरोजगार युवाओं के लिए राहत की खबर है। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 16 जनवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से डीजीडीआईटीआई रामनगरा सिंघपुर, ज्ञानपुर में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों की निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के बाद पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बिना पंजीकरण के अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादें, ठंड से कांप रहीं बुजुर्ग महिलाओं को बांटे कंबल

अखंड भारत संदेश

**भदोही।कलेक्ट्रेट** स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न इलाकों से आए फरियादियों की समस्याएं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गंभीरता से सुनीं। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनता दर्शन के दौरान कड़ाके की ठंड में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचीं बुजुर्ग और असहाय महिलाओं के प्रति जिलाधिकारी ने



विशेष संवेदनशीलता दिखाई।

ठंड से ठिठुरती महिलाओं को डीएम शैलेष कुमार ने स्वयं कंबल वितरित कर मानवीय सहयोग प्रदान किया और उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना। डीएम के इस संवेदनशील व्यवहार से प्रभावित बुजुर्ग महिलाओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा का भ्रमण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा का भ्रमण किया। यहां डीएम ने आदर्श दलहन ग्राम योजना के अंतर्गत ‘मसूर उत्पादन में सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन’ विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों से संवाद किया।

प्रशिक्षण में डीएम ने कहा कि सभी कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़कर अधिकतम भूमि का उपयोग करना चाहिए। इस दिशा में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बताया कि वर्तमान समय में देश को कुछ दलहनी फसलों का आयात करना पड़ता है, जिसे कृषकों के सामूहिक प्रयासों से कम किया जा सकता है। मसूर, अरहर एवं उड़द जैसी दलहनी फसलों के उत्पादन में क्षेत्रफल और उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। बताया कि जिले में उन्नत किस्मों के बीजों की उपलब्धता तथा आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान चयनित पांच कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन के लिए मूंग का बीज तथा उद्यान विभाग द्वारा सब्जी बीजों का वितरण किया गया। डीएम ने कृषकों से अपील की कि वे नवीन कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) का गठन करें अथवा पहले से गठित संगठनों से जुड़ें, जिससे दलहन उत्पादन के क्षेत्र में विस्तार संभव होगा। इस दौरान कृषकों ने अपने अनुभव करते हुए खेत स्तर पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर डीएम ने आवश्यक समाधान की कार्यवाही से संबंधित जानकारी दी।

इसके बाद डीएम ने केन्द्र पर संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र, बहुमंजिला खेती मॉडल, लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 1.20 एकड़ मॉडल फार्म, फसल दृश्यावली, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति, बीज प्रसंस्करण इकाई, बीज उत्पादन क्षेत्र, पशुपालन, मोती पालन सहित अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए संचालित परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय शामिल रहे। इस मौके पर उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक विजय गौतम, प्रसार वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी, डॉ मनोज शर्मा, अंजली यादव, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी टीम द्वारा कर्वी एवं मानिकपुर क्षेत्रांतर्गत शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानों में स्टॉक रजिस्टर से स्टॉक का मिलान किया। साथ ही आबकारी ऐप से स्कैन कर स्टॉक का सत्यापन भी किया। दुकानों पर उपस्थित विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान संचालित करने तथा मदिरा की शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन से करने के लिए निर्देशित किया।

## खुले आम सुविधा शुल्क की मांग करते हैं कुछ रोडवेज कर्मी

**चित्रकूट।** परिवहन निगम द्वारा संचालित कुछ बसों के चालकों-परिचालकों द्वारा यात्रियों का शोषण किया जा रहा है। ऐसे कर्मी खुलेआम बस यात्रियों से सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। युवा पत्रकार रहमत अली ने बताया कि जहां योगी सरकार माघ मेले के समय चित्रकूट से प्रयागराज आवागमन के लिए परिवहन निगम के जरिय यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार कर रही है, वहीं परिवहन निगम की बसों में चलने वाले कुछ चालक और परिचालक यात्रियों से दुर्व्यवहार करते हैं। यदि किसी यात्री का सामान बस में छूट जाए तो यह लोग सामान यात्री को लौटाने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगते हैं। इसके अलावा गाड़ी में पैसा लेकर निर्धारित मात्रा से अधिक भार के बंडल भी रखवा लेते हैं। जिसके एवज में नियमित रूप से उगाही की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से बांदा चलने वाली बांदा डीपो की बस यूपी78 जेएन9901 में चलने वाले चालक और परिचालक तो यात्रियों के साथ मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। ऐसे कृत्यों से विभाग के साथ योगी सरकार की छवि भी खराब हो रही है। ऐसे में मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद ने कराया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजापुर नगर में युवा पखवाड़ा के अंतर्गत तुलसी इण्टर कॉलिज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना एवं उन्हें स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील मिश्रा ने कहा कि आज के युवाओं के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का भी विकास होता है। कहा कि अभाविप द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है, जो एक स्वस्थ, सशक्त एवं जागरुक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। अभाविप के तहसील संयोजक प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रही है। खेलो भारत जैसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करें। इस दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, तहसील सह संयोजक पीयूष त्रिपाठी, कर्वी नगर मंत्री आनंद जायसवाल, नगर सह मंत्री आदर्श सिंह परिहार, पुष्पेंद्र निषाद, जितेंद्र शुक्ला, युवराज तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, जल्मेश यादव आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में कर्वी नगर इकाई के बैजनाथ भारद्वाज विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में सभी विद्यार्थियों के साथ सामूहिक वन्देमातरम कराया गया, जिसमें 500 से अधिक शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंश प्रताप यादव, पूर्व तहसील सह संयोजक दुर्गेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारियों ने किया धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** जनपद में संचालित धान क्रय केन्द्रों का मंगलवार को उपजिलाधिकारियों ने केन्द्रवार नामित नोडल अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने धान क्रय केन्द्रों में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं व कुल धान खरीद की जानकारी ली। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को उपजिलाधिकारियों ने धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों से धान की खरीद सुचारू रूप से होते पाई गई। बताया गया कि जनपद में अबतक 1024 किसानों से 6342.31 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेय जल आदि की व्यवस्था उपलब्ध पायी गयी। क्रय केन्द्रों पर किसानों का टोकन रजिस्टर बनाया गया है, जिसके अनुसार ही किसानों को प्रतिदिन तौल के लिए बुलाया जाता है और उसी दिन सम्बन्धित किसान के धान की तौल कर ली जाती है, जिससे किसानों को रात्रि विश्राम की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इसके अलावा क्रय केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था भी पाई गई। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वह सभी अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रों पर आकर अपना धान बेचे। बताया कि जनपद स्तर पर धान खरीद प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी। जिसमें धान की बिक्री में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पर किसान प्रकोष्ठ के मोबाइल नम्बर 7839565017, 7355904833 एवं 8707219558 पर संकर्प कर सकते है। साथ ही खाद्य तथा रसद विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001800150 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## बच्चों को बांटे चेक

**चित्रकूट।** सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को मंगलवार को पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार उमेश कुमार, द्वितीय पुरस्कार पार्थ व तृतीय पुरस्कार जोया तथा सामान्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार विनय कुमार, द्वितीय पुरस्कार शमा खान व तृतीय पुरस्कार प्रवीण दत्त नामदेव को प्रदान किया गया। इस दौरान संयुक्त निदेशक पर्यटन आर.के. रावत व उप जिलाधिकारी अजय कुमार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं।

## समाधान दिवस का होगा आयोजन

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत भवन मानचित्र के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपराह्न 01:00 से 05:00 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में किया जाता है। बताया कि माह जनवरी में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन 15, 22 एवं 29 जनवरी को होगा। जिसमें संबंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकारों द्वारा भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृत की कार्यवाही संपन्न की जाएगी।

## पुस्तकों में पढकर, व्याख्यान सुन कर संघ को नहीं समझ सकते, इसके लिए नियमित आएं शाखा : प्रवीण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को पुस्तकों में पढ़कर अथवा व्याख्यान सुनकर नहीं समझा जा सकता है, यदि संघ को समझना है तो शाखा में आकर समझ सकते हैं। वह भी नियमित रूप से। संघ शाखा, व्यक्ति निर्माण की अभिनव पद्धति है।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मझगंवा खंड चित्रकूट के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में आरएसएस के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त ने कहा कि किसी भी सकारात्मक कार्य को करने वाले व्यक्ति या संगठन की पहले उपेक्षा, उपहास व विरोध होता है। बाद में उस सकारात्मक कार्य की स्वीकार्यता होती है। ऐसा ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ भी हुआ है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 100 वर्ष पूर्व नागपुर की पहली शाखा से आज देश के गांव और नगरों में 80 हजार से अधिक शाखाओ की नियमित संचालन समाज की स्वीकार्यता से संभव हुआ है। कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि आगामी 50 वर्षो तक भारत वासी केवल भारत माता की उपासना करे, तो भारत पुनः परम वैभवशाली होगा। इन्हीं विचारों और आदर्शों को अपनाते हुए सदैव से संघ कार्य करता चला आ रहा है। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन का लक्ष्य लेकर सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व बोध और नागरिक कर्तव्य बोध को अपनाकर हम सभी राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और युवकों के बीच संघ से संबंधित विषयों पर चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चैबे, आरएसएस के सतना जिला कार्यवाह संतोष कुमार गुप्त सहित डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, व्यापारी, उद्यमी, किसान, अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

## कलार्पण भारत के अध्यक्ष बनें गुरू प्रसाद व महामंत्री बनें शिवशंकर

**चित्रकूट।** कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित संस्था कलार्पण भारत ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र कार्यकारिणी में विस्तार किया है। क्षेत्रीय महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि धर्मनगरी चित्रकूट में हुई बैठक में जगप्रसाद तिवारी की मौजूदगी में क्षेत्रीय समिति का विस्तार किया गया। जिसमें महोबा के शिवनारायण खरे, डॉ. भगवतशरण रिछारिया, बृजेश, किरण सेठी को शामिल किया गया। इसी प्रकार भास्कर यादव को छतरपुर सर्वेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर व गुरू प्रसाद सिंह को चित्रकूट का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। साथ ही शिवशंकर विश्वकर्मा को चित्रकूट का महामंत्री बनाया गया है। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र सक्सेना ने सामंजस्य के साथ काम करने को कहा है।

## चित्रकूट में जल सेवा आकलन कार्यशाला आयोजित पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और निरंतरता पर चर्चा




**चित्रकूट।** चित्रकूट के पहाड़ी विकासखंड में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के निर्देश पर एक दिवसीय जल सेवा आकलन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने की।

कार्यशाला में अधिशासी अभियंता आशीष भारती ने जल सेवा आकलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो चुकी है, वहां जल सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और उपलब्धता का मूल्यांकन किया जाएगा। इस दौरान जल सेवा आकलन प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आवश्यक मानक और बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

उपस्थित पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों और पंचायत सहायकों को बताया गया कि इस आकलन से जल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति सामने आएगी, जिससे भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, सभी से गंभीरता और पारदर्शिता के साथ प्रपत्र भरने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सहायक पंचायत अधिकारी भूपेंद्र द्विवेदी, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता शशिकांत मौर्य, यूनाप्स के जिला सलाहकार विद्यासागर गुप्ता और टीपीआई के आईएसएस एक्सपर्ट अभिषेक मिश्रा ने जल सेवा आकलन के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जल स्रोत, आपूर्ति व्यवस्था, रखरखाव और उपभोक्ता संतुष्टि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यशाला में विकासखंड के सभी संबंधित गांवों के ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जल सेवा आकलन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी।

# बाल कुपोषण दूर करने के लिए टीकाकरण होना चाहिए शत-प्रतिशत : सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**रामनगर, चित्रकूट।** आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की समीक्षा बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर दूरसंचार विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिलाओं को वीएचएसएनडी में लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, 9 से 11 माह के बच्चों के टीकाकरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने तथा टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों को जागरूक करते हुए टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत एवं एन.क्यू.ए.एस. योजना के तहत कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित करने तथा एन.क्यू.ए.एस. कार्यों में पंचायत सचिवों से अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यालय, आंगनवाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी सामुदायिक भवनों में नल कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। आईसीडीएस के आकांक्षी ब्लॉक पैरामीटर के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं छह माह से छह वर्ष के बच्चों को पूरक पोषाहार का शत-प्रतिशत वितरण करने, वजन एवं लंबाई माप की नियमितता तथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सैम-मैम बच्चों एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं को टीएचआर वितरण में प्राथमिकता देने तथा इसकी निगरानी कंट्रोल रूम से करने के निर्देश दिए। शून्य प्रगति वाले आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्रवाई करने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने वाले केंद्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। विद्यालय एवं आंगनवाड़ी परिसरों में बाउंड्रीवाल, शौचालय एवं मूत्रालय निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी को लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान देने तथा डीआईओएस को संबंधित संकेतकों की प्रगति डाउन होने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एडीओ कृषि को दो एफपीओ का गठन कराने तथा सभी पात्र किसानों को पीएम किसान योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील कराने तथा केयर टेकर के भुगतान को सुनिश्चित कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए गए। पीएम आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने, अन्यथा रिकवरी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पात्र परिवारों, सैम-मैम बच्चों के परिवारों को जोड़ने, नियमित गृह संपर्क करने, एसएचजी के लाभों का प्रचार करने, प्रत्येक समूह का बैंक खाता खुलवाने एवं रिवॉल्विंग फंड दिलाने के निर्देश दिए। कौशल विकास विभाग को ब्लॉक की आवश्यकता एवं प्रशिक्षणार्थियों की रुचि के अनुसार थीम आधारित स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने तथा नियमित प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

# बगावत से सुलगता ईरान, ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर ब्रीफिंग

**वॉशिंगटन**

**वॉशिंगटन** और तेहरान के बीच एक बार फिर माहौल गर्म होता दिख रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के खिलाफ नए सैन्य विकल्पों पर गोपनीय ब्रीफिंग दी गई। यह जानकारी द न्यूयार्क टाइम्स ने अमेरिकी प्रशासन से जुड़े कई अधिकारियों के हवाले से दी। यह ब्रीफिंग ऐसे समय हुई है जब ईरान के भीतर सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज हो चुके हैं और उनका असर देश के बाहर भी दिखने लगा है।

बता दें कि ईरान में ये प्रदर्शन दिसंबर के आखिर में शुरू हुए थे, जिनकी वजह मुद्रा संकट, बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की कठिनाइयाँ बताई जा रही हैं। धीरे-धीरे ये आंदोलन केवल आर्थिक नाराजगी तक सीमित न रहकर सीधे ईरान की धार्मिक सत्ता व्यवस्था के खिलाफ चुनौती बन गया है। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि इंटरनेट पर लगभग पूरी तरह से रोक लगी हुई है।

गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने किसी तरह की नरमी के संकेत नहीं दिए हैं। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को और सख्ती से निपटने का संदेश दिया है। इसी कड़ी में ईरान के अटॉर्नी जनरल ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनकारियों को ह्ईश्वर का दुश्मनह्व मानकर कठोरतम सजा दी जा सकती है, जो ईरानी कानून में मौत की सजा तक जाती है।

इन विरोध प्रदर्शनों में कुछ जगहों पर ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी के समर्थन में नारे भी सुनाई दिए हैं। उनके बेटे रजा पहलवी ने विदेश से ईरानियों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है।

ईरान की सीमाओं के बाहर भी इसका असर



दिख रहा है। लंदन में ईरानी दूतावास पर प्रदर्शन के दौरान पुराने ह्यलायन एंड सनह्व झंडे को फहराया गया, जबकि पेरिस, बर्लिन और वॉशिंगटन में भी एकजुटता रैलियाँ देखी गई हैं।

वॉशिंगटन की ओर से चेतावनी भरे बयान जारी हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि अगर ईरानी प्रशासन ने हिंसा और बढ़ाई तो जवाबी कदम उठाए जा सकते हैं, हालांकि जमीनी सेना भेजने से इनकार किया गया है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि अमेरिका ईरानी जनता के साथ खड़ा है।

इसी बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत कर ईरान की स्थिति पर चर्चा की है।

वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि किसी भी सैन्य कार्रवाई में संतुलन बेहद जरूरी होगा, ताकि सरकार पर दबाव बने लेकिन आम जनता का रुख शासन के पक्ष में न जाए।

गौरतलब है कि करीब छह महीने पहले अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर ह्यमिडनाइट हैमरह्व नाम से हमला किया था, जिसके बाद हालात और संवेदनशील हो गए थे। अब जब तेहरान की सड़कों पर फिर से विरोध के नारे गूंज रहे हैं, तो व्हाइट हाउस का अगला कदम इस बात पर निर्भर करेगा कि ईरानी नेतृत्व प्रदर्शनकारियों को दबाने में कितनी दूर तक जाने को तैयार है।

## सड़कों पर खून, अस्पतालों में लाशों के ढेर, ईरान के खौफनाक मंजर देखकर दुनिया हैरान है!



**ईरान**

**ईरान** में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शन अब हिंसक और दर्दनाक मोड़ ले चुके हैं। मेडिकल कर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने जो खबरें दी हैं, वे रूह कपा देने वाली हैं। बताया जा रहा है कि देश के अस्पतालों में घायलों और शवों की इतनी भीड़ है कि मुर्दाघरों में जगह कम पड़ गई है।

अस्पतालों के खौफनाक हालात

ईरान के अलग-अलग शहरों से मिल रही रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शनकारी मारे जा रहे हैं। यहां के पोरसीना अस्पताल में एक ही रात में 70 शव लाए गए। मुर्दाघर भरने के बाद शवों को अस्पताल के प्रार्थना कक्ष में जमीन पर एक के ऊपर एक रखना पड़ा। तेहरान के डॉक्टरों ने बताया कि मरने वाले ज्यादातर 20 से 25 साल के युवा हैं। उनके सिर और दिल में सीधे गोलियां मारी गई हैं। स्थिति इतनी खराब थी कि कई लोगों को इमरजेंसी बेड तक पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया गया।

काशान और शिराज जैसे शहरों से खबर है कि प्रदर्शनकारियों की आंखों में गोलियां मारी गई हैं। घायलों की संख्या इतनी ज्यादा है कि अस्पतालों में ऑपरेशन करने के लिए सर्जन कम पड़ गए हैं।

इंटरनेट बंद

रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 110 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और लगभग 2,600 लोगों को जेल में डाल दिया गया है। पिछले चार दिनों से ईरान में इंटरनेट लगभग पूरी तरह बंद है, जिससे वहां की सटीक जानकारी बाहर आने में बहुत मुश्किल हो रही है।

क्यों जल रहा है ईरान?

यह विरोध प्रदर्शन करीब दो हफ्ते पहले महंगाई और खराब आर्थिक स्थिति के खिलाफ तेहरान से शुरू हुआ था, जो अब 100 से ज्यादा शहरों में फैल चुका है। लोग अब सरकार को हटाने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई सरकारी इमारतों और गाड़ियों में आग लगा दी है।

सरकार का रुख

ईरान के सर्वोच्च नेता ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि यह सरकार लाखों लोगों के खून से बनी है ।

## इस्लामाबाद में गैस सिलेंडर विस्फोट में आठ लोगों की मौत

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार तड़के गैस सिलेंडर विस्फोट में मारे गए आठ लोगों में एक नवविवाहित दंपति भी शामिल था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सेक्टर जी-7/2 स्थित एक घर में शादी समारोह के दौरान हुई।

बचाव अधिकारियों ने बताया कि आठ लोग मारे गए और 11 घायल हो गए, बचाव दल ने मलबे से 19 लोगों को बाहर निकाला। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने कहा कि पीड़ितों के इलाज के लिए



आपात स्थिति घोषित की गयी थी। इस्लामाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) साहिबजादा यूसुफ ने मीडिया को बताया कि विस्फोट से कम से कम चार घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि मृतकों में दूल्हा और दुल्हन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में विस्फोट हुआ था।

उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद जो मकान ढह गया, उसमें शादी में आए कई मेहमान मौजूद थे। बचाव दल ने मलबे से उनमें से कई लोगों को जीवित निकाला। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

सीनेट सचिवालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। बयान में उनके हवाले से कहा गया, यह एक दिल दहला देने वाली घटना है।

## डोनाल्ड ट्रंप की एक गलती पड़ेगी बहुत भारी



**ईरान**

**ईरान** और अमेरिका के बीच तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने अमेरिका और इजरायल को सीधी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर किसी भी तरह का सैन्य हमला करते हैं, तो ईरान चुप नहीं बैठेगा और इजरायल व अमेरिकी सैन्य ठिकानों को 'वैध निशाना' बनाएगा।

संसद में मचा हंगामा

ईरान की संसद (मजलिस) में एक बेहद तनावपूर्ण सत्र के दौरान यह बयान दिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, सत्र के दौरान कई ईरानी सांसद चिल्लाते हुए मंच की ओर दौड़ पड़े और 'अमेरिका मुदार्बाद' के नारे लगाए। सोशल मीडिया पर इस हंगामे के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जो ईरान के भीतर अमेरिका के खिलाफ बढ़ते गुस्से को दशार्ते हैं।

ईरान की चेतावनी

स्पीकर गालिबफ ने अपने संबोधन में हमलों के संभावित दायरों को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमले की स्थिति में क्षेत्र (मिडल ईस्ट) में मौजूद सभी अमेरिकी मिलिट्री सेंटर, बेस और उनके मालवाहक जहाज ईरान के निशाने पर होंगे। ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका की किसी भी कार्रवाई का खामियाजा इजरायल को भी भुगतना होगा।

जवाबी कार्रवाई से आगे की सोच

गालिबफ ने चेतावनी दी कि ईरान केवल हमले का इंतजार नहीं करेगा।

उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को 'भ्रमित' बताते हुए कहा कि वे कोई गलतफहमी न पालें, क्योंकि ईरान अपनी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

## खामेनेई सरकार का फरमान, प्रदर्शनकारी 'खुदा के दुश्मन', मिलेगी मौत की सजा!

**ईरान**

**ईरान** में पिछले दो हफ्तों से चल रहे बड़े विरोध प्रदर्शनों के बीच, अयातुल्ला खामेनेई की सरकार ने प्रदर्शनकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। देश के अटॉर्नी जनरल ने कहा है कि प्रदर्शनों में शामिल होने वाले लोगों को 'भगवान का दुश्मन' माना जाएगा। ईरान के कानून के मुताबिक, इस अपराध के लिए मौत की सजा दी जा सकती है।

ईरान में इस वक्त हालात का सही अंदाजा लगाना मुश्किल है क्योंकि सरकार ने इंटरनेट पूरी तरह बंद कर दिया है। इसके बावजूद, रिपोर्ट्स के अनुसार अब तक लगभग 116 लोगों की मौत हो चुकी है और 2,600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार



किया गया है।

देशभर में फैला विरोध

यह विरोध प्रदर्शन केवल एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि तेहरान समेत ईरान के कई बड़े शहरों में फैल चुका है। चहारमहल, बख्तियारी और केरमानशाह जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा हिंसा और मौतें दर्ज की गई हैं। प्रदर्शन की शुरूआत पिछले महीने ईरान में बढ़ती महंगाई, पैसों की गिरती कीमत और खराब जीवन स्तर के विरोध में हुई थी।

इंटरनेट पर पाबंदी

ईरान में पिछले तीन दिनों से इंटरनेट ठप्प है, जिससे लोग अपने परिवार वालों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं और न ही दुनिया को वहां की सही स्थिति पता चल पा रही है। केवल कुछ सरकारी मीडिया चैनलों को ही काम करने की अनुमति दी गई है। मानवाधिकार संस्थाओं का कहना है कि इंटरनेट बंद होने के कारण असल मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है।

विरोध प्रदर्शन क्यों तेज हुए?

ईरान के पूर्व राजा के बेटे, रजा पहलवी की एक अपील के बाद प्रदर्शनों ने और जोर पकड़ लिया है।

निर्वासन में रह रहे पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर लोगों से न केवल सड़कों पर उतरने, बल्कि शहरों के मुख्य केंद्रों पर कब्जा करने और उन्हें अपने नियंत्रण में लेने की अपील की है।

## सीरिया में आईएसआईएस के खिलाफ फिर जवाबी हमले शुरू किए

**सीरिया**

**अमेरिका** ने पिछले महीने सीरिया में हुए हमले में अपने दो सैनिकों और एक दुभाषिए की मौत के बाद इस्लामिक स्टेट के खिलाफ फिर से जवाबी हमले शुरू किए हैं। अमेरिकी केंद्रीय कमान के अनुसार, अमेरिका और सहयोगी बलों द्वारा किए गए ये व्यापक हमले पूर्वी समयानुसार दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास हुए।



इन हमलों में सीरिया भर में इस्लामिक स्टेट के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। शनिवार के हमले एक व्यापक अभियान के तहत किए गए जो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आईएसआईएस के उस घातक हमले के जवाब में शुरू की गई कार्रवाई का हिस्सा है जिसमें पिछले महीने पल्मायरा में सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवर, सार्जेंट विलियम नथानिएल हॉवर्ड और दुभाषिया अयाद मंसूर सकात की मौत हो गई थी।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शनिवार को एक बयान में कहा, ह्यह्यहमारा संदेश स्पष्ट है: अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं तो हम आपको ढूंढ निकालेंगे और दुनिया में आप चाहे कहीं भी हों आपको मार डालेंगे, फिर चाहे आप कानून से बचने की कितनी भी कोशिश क्यों न करें।

## सिंध प्रांत में जमींदार ने 23 वर्षीय हिंदू किसान की गोली मारकर हत्या

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में एक जमींदार ने अपनी जमीन पर झोपड़ी बनाने के कारण 23 वर्षीय हिंदू किसान की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद हिंदू समुदाय ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए।

बदीन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कमर रजा जसकानी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार रात हैदराबाद से मकान मालिक सरफराज निजामानी और उसके सहयोगी जफरुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया।

बदीन जिले के तलहार गांव में आश्रय के लिए निजामानी की जमीन पर एक झोपड़ी बनाने के आरोप में चार जनवरी को कैलाश कोहली को गोली मार दी गई थी। जसकानी ने कहा, ह्यह्यआरोपी के घटनास्थल से फरार होने और भूमिगत हो जाने के बाद इस मामले में एक विशेष टीम का गठन किया गया था



लेकिन हमने आखिरकार उसे कल रात हैदराबाद के फतेह चौक इलाके से गिरफ्तार कर लिया। कोहली की हत्या के बाद हिंदू समुदाय में आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने इसके विरोध में प्रदर्शन किए। निजामानी नहीं चाहता था कि कोहली उसकी जमीन पर झोपड़ी बनाए। गोली लगने से घायल कोहली ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस संबंध में उनके भाई पून कुमार कोहली ने प्राथमिकी दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया।

सिंध में हिंदू अल्पसंख्यकों के लिए एक कल्याणकारी ट्रस्ट चलाने वाले शिव काची ने कहा, ह्यह्यहिंदू समुदाय द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से बनाए गए जन दबाव के कारण आरोपी की गिरफ्तारी हुई। बदीन में सैंकड़ों लोग विरोध प्रदर्शनों और धरनों के लिए एकत्रित हुए थे।सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) जावेद अख्तर ओधो ने कोहली के पिता को फोन करके गिरफ्तारी के बारे में सूचित किया, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन खत्म हुए।ह्व्ह्व काची ने निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद जताई ताकि हिंदू समुदाय भयानक अपराधों से सुरक्षित रहे और अधिकारियों पर उनका विश्वास बहाल हो सके।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## हिंदी समुदायों को जोड़ती और लोगों को एकजुट करती है:- संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त** राष्ट्र ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर शनिवार को कहा कि यह समुदायों को जोड़ती है और सीमाओं के पार लोगों को एकजुट करती है। संयुक्त राष्ट्र ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शनिवार को विश्व हिंदी दिवस है! विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं! हिंदी दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हिंदी एक ऐसी है जो समुदायों को जोड़ती है और सीमाओं के पार लोगों को एकजुट करती है। इस पोस्ट में लोगों से संयुक्त राष्ट्र के कार्यों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यूएन इन हिंदी




को फॉलो करने का भी आग्रह किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पहली बार वर्ष 2026 के लिए अपना नववर्ष संदेश अन्य भाषाओं के साथ-साथ हिंदी में भी दिया था। उनका नववर्ष संदेश 11 भाषाओं में जारी किया गया, जिनमें संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाएं (अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश) के साथ-साथ हिंदी और उर्दू भी शामिल हैं।

## ब्रिटेन की विपक्ष की नेता ने बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए हस्तक्षेप का आग्रह किया

**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** की विपक्ष की नेता प्रीति पटेल ने सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं सहित हिंसा में वृद्धि के मामले में हस्तक्षेप करने और देश में स्थिरता लाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने का आह्वान किया है।

विपक्षी दल कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद पटेल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विदेश मंत्री यवेट कूपर को लिखा अपना पत्र पोस्ट किया, जिसमें लेबर पार्टी सरकार से ह्यहाउस ऑफ कॉमन्सह्व में इस मुद्दे पर बयान देने का भी आह्वान किया गया है।



भारतवंशी पटेल ने कहा, ह्यबांग्लादेश की स्थिति बेहद चिंताजनक है। धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए और हिंदुओं की हत्याएं और उन पर हो रहे अत्याचार गलत हैं और इन्हें रोकना होगा।

उन्होंने कहा, ह्ब्रिटेन सरकार को बांग्लादेश में स्थिरता लाने और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने तथा हिंदुओं को सुरक्षित रखने के लिए अपने प्रभाव और समन्वय शक्तियों का उपयोग करना चाहिए।

कूपर को लिखे अपने पत्र में, पटेल ने हाल के हफ्तों में बांग्लादेश में कम से कम छह हिंदुओं की हत्या की खबरों का जिक्र किया है।